राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 20 अंकः 118 पृष्ठः 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में उच्चायुक्त नियुक्तः विदेश मंत्रालय



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त बनाए जाने की घोषणा की गई है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी दी और कहा कि वे जल्द ही कार्यभार संभाल लेंगे। त्रिवेदी प्रणय वर्मा का स्थान लेंगे, जिन्हें हाल ही में बेल्जियम में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। साथ ही वह यूरोपीय यूनियन में भारत के राजदूत की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। बांग्लादेश में त्रिवेदी की यह नियुक्ति इसलिए विशेष है क्योंकि आमतौर पर इस पद पर भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी को भेजा जाता है, लेकिन इस बार एक वरिष्ठ राजनेता को चुना गया है। त्रिवेदी का एक लंबा राजनीतिक जीवन रहा है। उन्होंने 1987 में जन मोर्चा के गठन में भूमिका निभाई। जन मोर्चा का बाद में जनता दल में विलय हो गया।

# आज का दिन इतिहास का काला दिन, जब विपक्ष ने सदन का अपमान करके सदन के बाहर डुप्लीकेट सेशन चलायाः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान कांग्रेस के सदन में ना आने पर तीखा प्रहार करते हुए कहा आज का दिन हरियाणा के इतिहास का काला दिन है, क्योंकि विपक्ष ने सदन की गरिमा का अपमान करते हुए सदन के बहार डुप्लीकेट सेशन चलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता आज सोच रही है कि ऐसा पहली बार देखा कि लोकतंत्र की लड़ाई, विधानमंडल में नहीं, वाहन मंडल में लड़ रही है कांग्रेस। उन्होंने शयराना अंदाज में कहा कि बड़े दुख की बात है कि जनता ने जिन्हें बहस के लिए भेजा था यहां, वो पार्किंग में खड़े होकर परछाईयों से लड़ रहे हैं। यह विधानसभा का, हरियाणा की हर महिला का, लोकतंत्र का और संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि न कायदा, न कार्रवाई, न अध्यक्ष का सम्मान, गाड़ियों में चल रहा है कांग्रेस का संविधान। हरियाणा की जनता इस कु–कृत्य के लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री



ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा लाया गया प्रस्ताव किसी प्रकार का राजनीतिक प्रस्ताव नहीं है और इसमें

**विपक्ष निशाने पर**

**सबने देखा कि कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई, विधानमंडल में नहीं, वाहन मंडल में लड़ रही है: सीएम सैनी**

निंदा शब्द का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव केवल माताओं और बहनों के मान-सम्मान, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण को समर्पित है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता द्वारा विधानसभा की पार्किंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डुप्लीकेट सेशन चलाया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक सरदार जरनैल सिंह ने अपने वक्तव्य में स्वयं स्वीकार किया है कि उनकी पार्टी की सोच में बदलाव की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के इस कू - कृत्य के विरोध में सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री ने विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि यदि सरकार जनगणना और परिसीमन का इंतजार करती, तो वर्ष 2029 के आम चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को समय पर अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक लोकसभा में लाया गया।

उन्होंने जानकारी दी कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक 6 किस्तें लाभार्थी बहनों के खातों में भेजी जा चुकी हैं।

## फास्ट न्यूज

### तेल-गैस आपूर्ति में चुनौतियों के बावजूद एलपीजी, खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-अमेरिका और इजराइल युद्ध के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा, विदेश नीति और खाद उपलब्धता पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले तेल और गैस की आपूर्ति में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसके बावजूद देश में एलपीजी और उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। खाड़ी देशों के साथ संपर्क बढ़ाया जा रहा है और किसी भी तरह की कमी या संकट की आशंका नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में रोजाना होने वाली अंतर्मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन 70 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। अप्रैल माह में अबतक 1.65 लाख टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है। अब तक 93 प्रतिशत सिलेंडर डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से की जा रही है। कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग देखी जा रही है, लेकिन एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति है और किसी भी वितरक पर कमी नहीं है।

### बंगाल में चुनावी जब्ती 510 करोड़ पार, पिछले चुनाव से 339 करोड़ अधिक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान अब तक अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु और अन्य वस्तुओं को मिलाकर कुल मूल्य 510 करोड़ रुपये से अधिक की चीजें जब्त की हैं। यह आंकड़ा 2021 के विधानसभा चुनावों में दर्ज 339 करोड़ रुपये की जब्ती से भी अधिक है। चुनाव आयोग ने बताया कि अब तक पश्चिम बंगाल में 2,728 फ्लाइंग स्क्वाड टीमों और 3,142 निगरानी टीमों को तैनात किया गया है। ये टीमें शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करती हैं और विभिन्न स्थानों पर अचानक नाके लगाकर जांच करती हैं। इसके अलावा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और वितरण के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

सभी रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा। सरकारी कर्मचारी तृणमूल के डर से मुक्त होंगेः पीएम मोदी

# चार मई के बाद बंगाल में शुरू होंगे रोजगार से जुड़े पांच कामः मोदी

**मोदी का वादा**

**सबसे पहले, बंगाल में सरकारी भर्ती की घोषणा समय पर और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बैरकपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक बड़ा वादा किया। सोमवार को बैरकपुर में रोड शो के बाद चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "चार मई के बाद पश्चिम बंगाल में रोजगार से जुड़े पांच काम तेजी से शुरू होंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा, "सबसे पहले, बंगाल में सरकारी भर्ती की घोषणा समय पर और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएगी और युवाओं को नौकरी मेले में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। दूसरा, सभी रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा। सरकारी कर्मचारी तृणमूल के डर से मुक्त होंगे। सरकारी कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग का पूरा लाभ मिलेगा। तीसरा, रचनात्मक अर्थव्यवस्था पनपेगी। बंगाल के स्कूलों और कॉलेजों में सामग्री निमार्ता प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। चौथा, गांवों में 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा सरकार वीबी-जी रामजी अधिनियम लागू करेगी, जिससे गांवों में रोजगार मिलेगा। इसके अलावा यहां पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम संपदा योजना को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। पांचवां-शहर के रेहड़ी-पटरी वालों को पीएम स्वनिधि योजना का पूरा लाभ मिलेगा और बैंक से मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले कुछ महीनों में बैरकपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग एक दर्जन जूट मिलें बंद हो गई हैं। एक ओर रोजगार पैदा करने वाले कारखाने बंद हो रहे हैं तो दूसरी ओर बम कारखाने फल-फूल रहे हैं और गुंडों का उपयोग करके जमीनी सिंडिकेट का विस्तार हो रहा है। यह तृणमूल का महान जंगल राज है! मोदी ने कहा कि इस चुनाव में एक बात ने मुझे बहुत चिंतित किया है कि टीएमसी नेताओं ने 'मां, माटी, मानुष' का नाम भी नहीं लिया है। इसी नारे पर बंगाल में तृणमूल ने सरकार बनाई थी, लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह इसे भूल गई है।



### कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मेगा रोड शो, पांच विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी रैली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कोलकाता में विशाल रोड शो किया। पांच विधानसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। बुधवार को राज्य में दूसरे चरण का मतदान होना है, इसलिए सोमवार शाम प्रचार थम जाएगा। ऐसे में अंतिम समय में ममता बनर्जी ने कोलकाता में शक्ति प्रदर्शन किया। सोमवार शाम सुकांत सेतु से तृणमूल का मेगा जुलूस शुरू हुआ। ममता बनर्जी के साथ पार्टी के सांसद, विधायक और हजारों कार्यकर्ता–समर्थक मौजूद रहे। पूरे रास्ते में जनसैलाब देखने को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जुलूस सुकांत सेतु से शुरू होकर ढाकुरिया ब्रिज, गोलपार्क, गड़ियाहाट और बालीगंज फाड़ी होते हुए अंत में भवानीपुर में समाप्त हुआ। इस दौरान कई विधानसभा क्षेत्रों से रैली गुजरी।

### पश्चिम बंगाल विस चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार थमा, 29 अप्रैल को मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/ कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार सोमवार शाम थम गया।राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा की बाकी 142 सीटों पर बुधवार (29 अप्रैल) को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रथम चरण के 23 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर हिंसा को देखते हुए इस बार सुरक्षा के और कड़े प्रबंध किए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इस चरण में कोलकाता, हावड़ा, नादिया, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली और पूर्व बर्धमान की सीटों पर मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में लगभग 40 हजार मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण में कई संवेदनशील क्षेत्र भी शामिल हैं।



शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचीं। शिमला के निकट छराबड़ा स्थित कल्याणी हेलीपैड पर आज उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए राज्य की जनता की ओर से उनका अभिनंदन किया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र हैं। बयान के मुताबिक देश में रहने वाला कोई भी भारतीय नागरिक, जिसकी आयु 31 जुलाई 2026 को 5 से 18 वर्ष तक हो, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

### भारत, न्यूजीलैंड ने एफटीए पर किए हस्ताक्षर, 100 फीसदी भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने आज एक मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर न्यूजीलैंड के दौरे पर आए व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। भारत और न्यूजीलैंड के बीच नई दिल्ली में हुए इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य द्विवार्षिक व्यापार को पांच वर्षों में दोगुना करके 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि भारतीय पेशेवरों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। इस समझौते से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों के काफी मजबूत होने की उम्मीद है।

### विहिप ने पाक-बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर यूएन से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर गहरी चिंता जताते हुए संयुक्त राष्ट्र से तत्काल और प्रभावी हस्तक्षेप की मांग की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष अन्नालेना बेयरबॉक को पत्र लिख कर दोनों देशों में विशेष रूप से हिंदू, सिख, बौद्ध और ईसाई समुदायों के साथ हो रहे उत्पीड़न, जबरन धर्मांतरण और हिंसा के मामलों को उजागर किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार तंत्र की हालिया रिपोर्टों और विशेषज्ञों की टिप्पणियों का हवाला देते हुए बताया कि पाकिस्तान में नाबालिग लड़कियों के जबरन धर्मांतरण और विवाह के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है।

## हरियाणा विधानसभा में महिलाओं के अधिकारों पर केंद्रित प्रस्ताव पारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सरकारी प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि कोई भी क्षेत्र या समाज तब तक पूर्ण रूप से विकसित नहीं माना जा सकता, जब तक उसकी आधी आबादी माताओं और बहनों को सम्मान, समान अवसर और अधिकार नहीं



मिलते। इसलिए नारी सम्मान भारत की चिर-नूतन सभ्यता और संस्कृति की अटूट पहचान भी है तथा विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प का मूल आधार भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके चार प्रमुख स्तंभों

**नारी शक्ति वंदन**

**महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर कांग्रेस ने फिर दिखाया अपना असली चेहरा–मुख्यमंत्री**

में महिलाओं को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।

### भीषण गर्मी को लेकर दिल्ली सरकार ने कार्य योजना लागू करने का दिया निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली में बढ़ते तापमान और आगामी भीषण लू की संभावनाओं को देखते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भीषण गर्मी से निपटने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को अगले एक सप्ताह के भीतर जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। ज़िला मजिस्ट्रेटों से कहा गया है कि वे इसके क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएं और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के कड़े उपायों का इतंजाम किया जाए। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

*हरियाणा विशेष सत्रः सदन के बाहर डुपलीकेट सेशन चलाया, जो नियमों के विरुद्ध और पूरी तरह असंवैधानिक हैः सीएम सैनी*

# सीएम सैनी ने विपक्ष को घेरा– महिलाओं और कर्मचारियों के मुद्दों से भागी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया और सत्र की कार्यवाही को पूरी तरह संवैधानिक एवं जनहित में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाया गया कि विशेष सत्र असंवैधानिक है, जो पूरी तरह निराधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सत्र कैबिनेट की मंजूरी और राज्यपाल की अनुमति से विधिवत रूप से बुलाया गया था। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि क्या चुनी हुई सरकार, कैबिनेट और



राज्यपाल के निर्णय को असंवैधानिक कहा जा सकता है। आचार संहिता लागू होने के बावजूद विशेष सत्र बुलाए जाने पर उठे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूर्णतः विधायी विषय है और इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। उन्होंने

**विपक्ष को घेरा**

**कर्मचारियों और महिलाओं के हित में लाए गए प्रस्तावों का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण–मुख्यमंत्री**

उदाहरण देते हुए कहा कि लोकसभा का भी विशेष सत्र बुलाया गया था, इसलिए इस पर आपत्ति करना निराधार है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में हरियाणा लिपिकीय सेवा (भर्ती और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2026 पर चर्चा कर इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस विधेयक के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया को अधिक सरल, तेज और न्यायसंगत बनाया गया है। साथ ही, लिपिक पद पर पदोन्नति का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है, जिससे अधिक कर्मचारियों को अवसर मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष प्रदेश में खरीद संबंधी समस्याओं पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया, जिसे हमने स्वीकार किया। लेकिन, विपक्ष सदन में ही नहीं आया। इसके अतिरिक्त, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक सरकारी प्रस्ताव भी लाया गया।

# आप के 7 सांसदों को सभापति ने दी बीजेपी में विलय की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ताकत और बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी (आआपा) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा समेत सात सांसदों को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसके बाद राज्यसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। सोमवार को राज्यसभा सचिवालय द्वारा सदन में सभी दलों के सांसदों की अद्यतन सूची जारी की गई, जिसमें इन सातों नेताओं के नाम भाजपा सांसदों की सूची में



शामिल कर दिए गए। इससे भाजपा को उच्च सदन में और अधिक राजनीतिक मजबूती मिली है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसदों में राघव चड्ढा, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं। ये सभी आधिकारिक रूप से भाजपा संसदीय दल का हिस्सा बन चुके हैं।

# वाराणसी में मोदी करेंगे 163 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को वाराणसी में बरेका के विशाल मैदान से 6332 करोड़ रुपए की 163 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें 1054 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण होना है और 5277 करोड़ की 113 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा, प्रधानमंत्री मोदी बरेका के मैदान से 50 हजार स्थानीय महिलाओं एवं भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे

**विकास पर बल**

महिलाओं के पहुंचने के लिए भाजपा के महानगर के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि पूरी क्षमता से संपर्क कर रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को वाराणसी में बरेका के विशाल मैदान से 6332 करोड़ रुपए की 163 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें 1054 करोड़ की 50 परियोजनाओं का लोकार्पण होना है और 5277 करोड़ की 113 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी बरेका के मैदान से 50 हजार स्थानीय महिलाओं एवं भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। महिला सम्मेलन में महिलाओं के पहुंचने के लिए भाजपा के महानगर के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि अपनी पूरी क्षमता से संपर्क कर रहे हैं। महिलाओं से संपर्क के कार्य में बड़ी संख्या में भाजपा की महिला पदाधिकारी भी जबरदस्त उत्साह से जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह के संबंध में महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी अपने संसदीय क्षेत्र आते हैं तो शहर को विकास ही देकर जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग भर देते हैं।





## महिलाओं की उपस्थिति को लेकर डोर टू डोर संपर्क कर पंपलेट बांटकर माता बहनों को किया जा रहा आमंत्रित

इस बार प्रमुख परियोजनाएं जिसका लोकार्पण एवं शिलान्यास होना है, उसमें नगर निगम कार्यालय भवन का निर्माण, रेलवे रोड ब्रिज का निर्माण, अस्सी घाट पर पार्क का विकास, दीनदयाल अस्पताल का विस्तार, 100 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण, चौड़ीकरण नई सड़क, पेयजल सीवर नेटवर्क विस्तार, छात्रावास बाल गृह निर्माण, 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना शामिल हैं।

विकास के नए आयाम जुड़ने जा रहे हैं। भाजपा की पदाधिकारी साधना वेदांती और पूजा दीक्षित ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में पास कराने का पूरा प्रयास किया लेकिन विपक्ष की दुर्भावना के कारण ऐतिहासिक अधिनियम को हम महिलाओं के पक्ष में लाया नहीं जा सका। 28 अप्रैल को महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हम महिलाओं के भविष्य को लेकर तमाम महत्वपूर्ण बातों को रखेंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति को लेकर डोर टू डोर संपर्क कर पंपलेट बांटकर माता बहनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल और जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा भी सुबह शाम संपर्क में जुटे हुए हैं। वही, 28 अप्रैल के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भी वाराणसी में अपनी उपस्थिति दर्ज करा स्थानीय पदाधिकारियों का हौसला बढ़ा रहे हैं।

इस बार प्रमुख परियोजनाएं जिसका लोकार्पण एवं शिलान्यास होना है, उसमें नगर निगम कार्यालय भवन का निर्माण, रेलवे रोड ब्रिज का निर्माण, अस्सी घाट पर पार्क का विकास, दीनदयाल अस्पताल का विस्तार, 100 बेड वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण, चौड़ीकरण नई सड़क, पेयजल सीवर नेटवर्क विस्तार, छात्रावास बाल गृह निर्माण, 24 घंटे बिजली आपूर्ति योजना शामिल हैं।

विकास के नए आयाम जुड़ने जा रहे हैं। भाजपा की पदाधिकारी साधना वेदांती और पूजा दीक्षित ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में पास कराने का पूरा प्रयास किया लेकिन विपक्ष की दुर्भावना के कारण ऐतिहासिक अधिनियम को हम महिलाओं के पक्ष में लाया नहीं जा सका।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को लिखी पाती

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं के परिणाम पर छात्रों के नाम भावुक पाती लिखी। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को चिट्ठी लिखकर सफल छात्रों को बधाई दी, वहीं असफल छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं, निराश न हों, चरैवेति-चरैवेति के मंत्र के साथ आगे बढ़ते रहें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा है कि यह मेरी पाती विशेषकर उन बच्चों के लिए है जो किन्हीं कारण से अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाए। सफलता और असफलता जीवन के अंग हैं। सफलता ही हमें उत्साहित करती है लेकिन असफलता से निराशा घर कर सकती है। बस हमें इसी निराशा को हटाकर चरैवेति चरैवेति के मंत्र पर आगे बढ़ाना है। चलते रहो चलते रहो, निरंतर परिश्रम, प्रगति और जीवन में न रुकने का संदेश देता है। याद रखिए एक असफलता भविष्य की असीमित सफलताओं एवं संभावनाओं की जननी हो सकती है। कोई भी परिणाम जीवन का पहला और अंतिम नहीं होता, अपितु एक नए आरंभ का अवसर होता है। सोना तपकर ही कुंदन बनता है। उन्होंने कहा कि एक असफलता भविष्य की बड़ी सफलता की शुरूआत हो सकती है। हर परिणाम एक नए अवसर का संकेत देता है।




# पीडीए के लोगों से भाजपा सरकार में हो रहा खराब व्यवहार : अखिलेश

**पीडीए एकजुट**

भाजपा नहीं चाहती कि हम पीडीए समाज के लोगों के साथ खड़े हों, उनको न्याय दिलाएं: अखिलेश यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** हम समाजवादी लोग, पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हिंदुस्तानियत पर खतरे को लेकर एकजुट हैं। हम लोग संघर्ष से पीछे हटने वाले नहीं है। हमारे लोगों के साथ बहुत खराब व्यवहार हो रहा है और यह सब सरकार के इशारे पर किया जा रहा है। इसमें सरकार के लोग शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग शामिल हैं। यह आरोप समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगाए। वे राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि हम पीडीए समाज के लोगों के साथ खड़े हों, उनको न्याय दिलाएं। किसानों को लेकर एक बार फिर सपा अध्यक्ष ने हिमायत की और कहा कि हमने सबसे बड़ा फैसला लिया है। अक्सर ये देखते हैं कि उत्तर प्रदेश का किसान अपने भुगतान के लिए परेशान रहता है। खासकर गन्ना किसान। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 24 घंटे के अंदर किसानों के गन्ने का भुगतान कराने का इंतजाम किया।

# राजस्थान में झुलसाती गर्मी का कहर, बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पार

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर। राजस्थान** में गर्मी लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। रविवार को बाड़मेर में सीजन का सबसे अधिक तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो इस साल का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। खास बात यह है कि पिछले 12 वर्षों में यह तीसरी बार है जब यहां तापमान 46 डिग्री के पार पहुंचा है। प्रदेश के कई शहरों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। जैसलमेर में भी पारा 46 डिग्री के आसपास रहा, जबकि कोटा और चित्तौड़गढ़ में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। रविवार को राज्य के आठ शहरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जोधपुर में पारा 44.7 डिग्री रहा। वहीं कोटा में 8 साल बाद अप्रैल का सबसे गर्म दिन मापा गया। दिनभर की तेज गर्मी के बाद शाम होते-होते मौसम ने करवट ली। अजमेर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में बादल छाने के साथ धूलभरी हवाएं चलीं और कई जगह हल्की बारिश भी हुई, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को राज्य के पांच जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही दिन और रात दोनों समय हीटवेव चलने की संभावना जताई गई है। हालांकि 28 से 30 अप्रैल के बीच राहत के संकेत हैं।

**तापमान**

खास बात यह है कि पिछले 12 वर्षों में यह तीसरी बार है जब यहां तापमान 46 डिग्री के पार पहुंचा है।

# बांसवाड़ा के टामटिया गांव में हिंसा के बाद तनाव, युवक की हत्या के बाद 30 से अधिक घर जलाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा जिले के मोटा गांव थाना क्षेत्र स्थित टामटिया गांव में रविवार देर रात हुए हिंसक विवाद के बाद सोमवार को भी तनाव बना हुआ है। हालात को देखते हुए मौके पर चार थानों की पुलिस तैनात की गई है, जबकि जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल भी भेजा गया है। बाहरी लोगों के गांव में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पुलिस के अनुसार प्रेम-प्रसंग और पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हुआ, जिसमें कुल्हाड़ी से वार कर गोविंद पुत्र छगनलाल की हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने दूसरे पक्ष के घरों और बाड़ों में तोड़फोड़ करते हुए आगजनी कर दी। इस दौरान 30 से अधिक घरों को आग के हवाले कर दिया गया तथा पथराव भी हुआ। कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उग्र भीड़ ने पथराव कर पुलिस को गांव में प्रवेश करने से रोक दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त बल बुलाया गया। रात में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भेजकर आग पर काबू पाया गया, हालांकि कई घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

मोटा गांव थानाधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है और दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत कर शांति बहाल करने का प्रयास कर रही है।



# हौसलों को मिला सहारा, दिव्यांगजनों की बदली जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर:** छत्तीसगढ़ में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की योजनाएं आज हजारों दिव्यांगजनों के जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही हैं। राज्य सरकार की संवेदनशील पहल और सशक्त क्रियान्वयन ने दिव्यांगजनों को न केवल आर्थिक संबल दिया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान किया है।

रायपुर की श्रीमती गिरजा जलक्षेत्री इस बदलाव की जीवंत मिसाल हैं। 60 प्रतिशत दिव्यांगता के बावजूद उन्होंने अपने आत्मविश्वास और शासन की योजना के सहारे अपने जीवन को नई दिशा दी। वर्ष 2017 में निगम से 1 लाख 75 हजार रुपये का ऋण लेकर उन्होंने ई-रिक्शा संचालन शुरू किया। कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने निरंतर परिश्रम किया और समय पर ऋण चुकाकर 25 प्रतिशत अनुदान का लाभ भी प्राप्त किया। श्रीमती गिरजा जलक्षेत्री यहीं नहीं रुकीं उन्होंने आगे बढ़ते हुए 2 लाख 75 हजार रुपये का अतिरिक्त ऋण लेकर अपने कार्य का विस्तार किया। आज वे रायपुर के कोर्ट परिसर में चाय एवं नाश्ता केंद्र संचालित कर रही हैं।

# उत्तराखंड में मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का अलर्ट, हीट वेव को लेकर स्कूल बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। वहीं, ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। देहरादून जिला प्रशासन ने कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश जिले के सभी क्षेत्रों में लागू रहेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को जारी ताजा पूर्वानुमान में मैदानी इलाकों में बढ़ता तापमान, लू जैसे हालात को देखते हुए विशेष रूप से चेतावनी दी है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी मैदानी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया।



मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों (लगभग 4400 मीटर या उससे अधिक) में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा, गरज के साथ बारिश और बर्फबारी हो सकती है। हालांकि राज्य के अधिकांश अन्य जिलों में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

# वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दें : संजय मल्होत्रा




**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सोडा सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए सहसपुर स्थित क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए नागरिकों को सशक्त बनाने की बात कही। उन्होंने वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, भारत सरकार की विभिन्न पेंशन व बीमा संबंधित सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सीएफएल अधिकारियों से समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वालों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से ऐसे शिविरों के दौरान प्राप्त वित्तीय जागरूकता को अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों और पड़ोसियों के साथ साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों से भी बातचीत की।

शिविर में बिजनेस कोरेस्पोंडेंटों (बीसी) द्वारा बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं सहित कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर स्थल पर सिक्के और नोट बदलने के लिए काउंटर भी स्थापित किए गए थे। इस मौके पर एक मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध थी तथा कुछ स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया, जिसमें गवर्नर ने काफी रुचि दिखाई और सराहना की।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश ने रचा नया कीर्तिमान

# मनरेगा श्रमिकों की ई- केवाईसी में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

**रिपोर्ट**

रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों के ई-केवाईसी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-के वाय सी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ;मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई.केवाईसी (ी-ङउ) प्रक्रिया को पूरा करने में छत्तीसगढ़ ने देश भर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन (ी-ङउ) पूरी की गई है जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा के सतत नेतृत्व, मॉनिटरिंग और प्रभावी रणनीति का परिणाम है। राज्य में योजनाबद्ध ढंग से अभियान चलाकर ई-के वाय सी की प्रक्रिया को तेज किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को समयबद्ध रूप से इससे जोड़ा जा सका।

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 58 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख से अधिक का ई-के वाय सी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दशार्ती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीब और श्रमिक वर्ग के हितों के संरक्षण एवं उन्हें योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-के वाय सी के माध्यम से श्रमिकों को समय पर भुगतान एवं योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के समन्वित प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ई-के वाय सी से न केवल फर्जीवाड़े पर रोक लगी है, बल्कि वास्तविक हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में भी पारदर्शिता आई है।

श्री शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि शेष लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र पूर्ण कर प्रदेश को 100 प्रतिशत ी-ङउ (ई - के वाय सी) लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जाए। प्रदेश में चलाए गए विशेष अभियान, ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग से यह सफलता हासिल हुई है।

# स्वर्णकांता शर्मा की बेंच की कार्यवाही में शामिल नहीं होंगेः केजरीवाल

केजरीवाल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उन्होंने 'हितों के टकराव' के कारण यह निर्णय लिया है, उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं बल्कि सिद्धांतों से है। उनके मुताबिक न्याय केवल होना नहीं चाहिए बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए

**पैरवी नहीं करेंगे**

अपने केस की कार्यवाही में न तो स्वयं पेश होंगे और न ही उनकी तरफ से कोई वकील पैरवी करेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की बेंच में चल रहे अपने केस की कार्यवाही में न तो स्वयं पेश होंगे और न ही उनकी तरफ से कोई वकील पैरवी करेगा। केजरीवाल ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उन्होंने 'हितों के टकराव' के कारण यह निर्णय लिया है। उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं बल्कि सिद्धांतों से है। उनके मुताबिक न्याय केवल होना नहीं चाहिए बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। महात्मा गांधी के 'सत्याग्रह' का संदर्भ देते हुए केजरीवाल ने कहा कि यदि अंतरात्मा की आवाज कहती है कि गलत हो रहा है, अन्याय हो रहा है तो उसके खिलाफ चुप न रहो उसका सामना करो लेकिन उसका पहला कदम विरोध नहीं बल्कि बातचीत होना चाहिए। अपनी बात अन्याय करने वाले के सामने पूरी विनम्रता के साथ रखनी चाहिए और उसे सुधारने का पूरा मौका देना चाहिए। सारी कोशिशों के बाद भी अगर न्याय न मिले तो अंतरात्मा की आवाज सुनो, फिर शांति और विनम्रता के साथ सत्याग्रह करना चाहिए।

## विनम्रता के साथ न्यायमूर्ति स्वर्णकांता के सामने अपनी बात रखीः केजरीवाल

केजीरवाल ने कहा कि बाद में उसके जो भी परिणाम हों वो सहर्ष स्वीकार करने चाहिए। इस पूरे प्रकरण में अन्याय करने वाले व्यक्ति के प्रति किसी भी प्रकार की नफरत या गुस्सा नहीं होना चाहिए। केजरीवाल ने कहा, "पूरी निष्ठा और विनम्रता के साथ न्यायमूर्ति स्वर्णकांता के सामने अपनी बात रखी। उन्हें इस मामले से अलग होने के लिए याचना की। मैंने आग्रह किया कि मेरा केस उच्च न्यायालय के किसी भी अन्य जज द्वारा सुन लिया जाए लेकिन उन्होंने मेरी प्रार्थना अस्वीकार कर दी। उन्होंने फैसला दिया कि वह अपने



आप को इस मामले से अलग नहीं करेंगी और ये केस वो स्वयं ही सुनेंगी। उनके दिए गए इस फैसले से मैं पूरी विनम्रतापूर्वक असहमत हूं। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता जो भी फैसला सुनाएंगी, उस पर समय आने पर मेरे जो भी कानूनी अधिकार हैं जैसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देना आदि, वो सभी कदम उठाने के लिए मैं स्वतंत्र हूं।" केजरीवाल ने कहा, "मैं न्यायपालिका का बहुत सम्मान करता हूं। पिछले 75 वर्षों में जब भी देश पर संकट आया, न्यायपालिका ने नागरिकों के हितों की रक्षा की है। मुझे इसी न्यायपालिका ने झूठे केस में निर्दोष घोषित किया और जमानत दी है।" उल्लेखनीय है कि केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर बेंच बदलने की अपील की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार



**पर्दाफाश**

अमेरिका समेत अन्य देशों में साइकोट्रॉपिक दवाओं की तस्करी करने वाले संगठित सिंडिकेट का पर्दाफाश किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवाओं के जरिए अमेरिका समेत अन्य देशों में साइकोट्रॉपिक दवाओं की तस्करी करने वाले संगठित सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। गिरोह फर्जी केवाईसी दस्तावेज, नकली बिल, व्हाट्सएप और बैंकिंग चैनलों के जरिए नशीली दवाओं को विदेश भेजता था। मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की गई है। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तारी की सटीक तारीख और स्थान सार्वजनिक नहीं किए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि, 24 सितंबर 2025 को सूचना मिली थी कि एक गिरोह कूरियर के माध्यम से अमेरिका नशीली दवाएं भेज रहा है। इसके बाद एजीएस/क्राइम ब्रांच की टीम ने मोती नगर के रामारोड स्थित कूरियर वेयरहाउस में छापा मारकर अमेरिका भेजे जा रहे एक संदिग्ध पार्सल को पकड़ा। जांच में उसमें छिपाकर रखी गई व्यावसायिक मात्रा की साइकोट्रॉपिक दवाएं बरामद हुईं।

इसके बाद 25 सितंबर 2025 को क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर संख्या 268/2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 22/23/29 में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, बैंक लेनदेन, कूरियर दस्तावेज, व्हाट्सएप चैट और सप्लाई चैन के आधार पर पांच आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में यासर खान, अभिषेक भार्गव, नितिन, नीरज राघव और अमितेश राय शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यासर खान इस नेटवर्क का सरगना है, जो दवाओं की खरीद, विदेशी ग्राहकों से संपर्क और भुगतान की व्यवस्था संभालता था। अभिषेक भार्गव पार्सल तैयार कर डिस्पैच करता था और फर्जी केवाईसी दस्तावेज जुटाता था।

# उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की मौत मामले में कुलदीप सेंगर की याचिका पर मई में सुनवाई



**याचिका**

सेंगर को दोषी करार देने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका में देरी की वजह खुद सेंगर ही है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से मिली दस साल की सजा को चुनौती देने वाली पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर मई में सुनवाई करने का आदेश दिया। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने 15, 18, 19 और 20 मई को कुलदीप सेंगर की दलीलें सुनने का आदेश दिया। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश पर गौर किया, जिसमें सेंगर को मिली सजा को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई तीन महीने में पूरी करने का आदेश दिया गया है। 20 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को बढ़ाने की रेप पीड़िता की मांग खारिज कर दी थी। जस्टिस नवीन चावला की बेंच ने कहा था कि इस मामले में 1,945 दिनों की देरी हुई है, ऐसे में याचिका खारिज की जाती है।

# स्वाभिमान पर्व के तहत दिल्लीवासी करेंगे सोमनाथ यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्रा कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत 30 अप्रैल को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सोमनाथ धाम के लिए करीब 1300 श्रद्धालु रवाना होंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार यहां के निवासियों के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्रा का आयोजन कर रही है। यह पावन पहल सोमनाथ



स्वाभिमान पर्व 1000 वर्षों की अखंड आस्था को समर्पित है। यह यात्रा केवल दर्शन की यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ने का पावन अवसर है। सोमनाथ की कृपा से सनातन मूल्यों का प्रकाश बढ़े, संस्कृति समृद्ध हो तथा जनसेवा का भाव सुदृढ़ हो, यही हमारी प्रार्थना और प्रतिबद्धता है। सफदरजंग रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेन अगले दिन प्रातः सोमनाथ पहुंचेगी। एक से तीन मई को श्रद्धालु बाबा सोमनाथ के दर्शन करेंगे तथा आसपास स्थित अन्य पावन मंदिरों के भी दर्शन करेंगे।

**पावन दर्शन**

एक से तीन मई को श्रद्धालु बाबा सोमनाथ के दर्शन करेंगे तथा आसपास स्थित अन्य पावन मंदिरों के भी दर्शन करेंगे

# कांग्रेस ने आप के बागी सांसदों के भाजपा में विलय को बताया जनता के साथ धोखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन द्वारा आम आदमी पार्टी (आआपा) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दिए जाने को जनता के साथ धोखा बताया है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि इन सांसदों की श्रेणी अब आम आदमी से बदलकर भाजपा की श्रेणी में कर दी गई है और राज्यसभा ने इसे अधिसूचित कर दिया है। साल 2022 के पंजाब विधानसभा



चुनाव में भाजपा को केवल 6.6 प्रतिशत वोट मिले थे और उसके सिर्फ दो विधायक बने थे। इसके बावजूद अब राज्यसभा में भाजपा का प्रतिनिधित्व 85.7 प्रतिशत हो गया है, यानी पंजाब से सात में से छह सांसद भाजपा के हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेता पंजाब की जनता को यह कैसे समझाएंगे। भाजपा पंजाब के लोगों को यह कैसे समझाएगी कि जिस पार्टी को विधानसभा में सिर्फ 6.6 प्रतिशत वोट मिले उसका राज्यसभा में प्रतिनिधित्व 85.7 कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में भाजपा ने ठीक वही किया है, जो अलगाववादी ताकतें सिद्ध करना चाहती हैं। पंजाब में गैंगवार हो रहे हैं, ड्रोन से ड्रग्स पहुंचाए जा रहे हैं और हालात 80 के दशक जैसे हो गए हैं। इतिहास गवाह है कि जब भी अलगाववादी ताकतें सक्रिय होती हैं तो उससे पहले ड्रग्स का प्रसार और अपराध बढ़ता है। माकन ने कहा कि आआपा भाजपा की बी टीम है और इसके नेता देशद्रोही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आआपा ने योग्य लोगों को राज्यसभा में भेजने के बजाय धनकुबेरों को धन के आधार पर भेजा। उन्होंने कहा कि साल 2017 में सुशील गुप्ता ने कांग्रेस छोड़कर आआपा जॉइन की और बाद में राज्यसभा सदस्य बने। माकन ने दावा किया कि आआपा के सात सांसदों के एफिडेविट देखने पर पता चला कि उनकी औसत नेटवर्थ 818 करोड़ रुपये से अधिक है। माकन ने आरोप लगाया कि आआपा और अरविंद केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को बदनाम करने की साजिश रची।

**साधा निशाना**

आआपा ने योग्य लोगों को राज्यसभा में भेजने के बजाय धनकुबेरों को धन के आधार पर भेजाः माकन



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल संधू से मुलाकात की।

# सुप्रीम कोर्ट का गुरुग्राम में तोड़फोड़ पर सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने गुरुग्राम में चल रही तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकताओं से कहा कि आप पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय जाइए। उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता को आज ही पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष मेंशन करने की छूट दी। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि वे आज ही इस याचिका पर सुनवाई करें। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि गुरुग्राम में स्थानीय प्रशासन बिना किसी नोटिस के तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दे रही है।

उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को गलत तरीके से परिभाषित किया जा रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को अगर गलत तरीके से परिभाषित किया जा रहा है तो उच्च न्यायालय जाना चाहिए। गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने तोड़फोड़ के बारे में कुछ भी नहीं कहा। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से तीन से चार दिन की रोक लगाने का आग्रह किया और कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय चले जाएंगे।

# आईआरएस अधिकारी बेटी दुष्कर्म-हत्या के आरोपित को सात दिनों की न्यायिक हिरासत

**फोरेंसिक जांच**

दिल्ली पुलिस ने आरोपित और मृतका के मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने आईआरएस अफसर की बेटी से दुष्कर्म और हत्या के आरोपित राहुल मीणा को सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राहुल मीणा की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आरोपित के



पास से घटना से जुड़ा सभी सामान बरामद कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपित और मृतका के मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है, ताकि घटना से पहले और बाद की गतिविधियों की सभी कड़ियों को जोड़ा जा सके।

कोर्ट ने 23 अप्रैल को राहुल मीणा को आज तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस ने राहुल मीणा को 22 अप्रैल को द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने राहुल को 23 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया था। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि राहुल मीणा के मोबाइल को ढूंढना और उसके परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर उसके पुराने आपराधिक इतिहास का पता लगाना जरुरी है। जांच अधिकारी ने कोर्ट को बताया था कि नकदी और जेवर बरामद किए जा चुके हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राहुल मीणा से पूछा था कि वो लड़की के घर में क्यों घुसा। तब राहुल मीणा ने कहा था कि वो पैसे के लिए गया था। तब कोर्ट ने कहा था कि तुमने दूसरे अपराध क्यों किए।

### सीबीआई के ज्वायंट डायरेक्टर रमनीश और रिटायर्ड एसीपी वीके पांडे की सजा की अवधि पर सुनवाई टाल दी

# आईआरएस अधिकारी के घर छापेमारी मामले में दोषियों की सजा पर सुनवाई आज

**सुनवाई**

फर्स्ट क्लास शशांक नंदन भट्ट ने दोषियों की ओर से समझौते के प्रस्ताव आने पर सुनवाई टालने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने 25 साल पुराने मामले में एक आईआरएस अधिकारी के घर पर कथित छापेमारी के मामले में दोषी करार दिए गए सीबीआई के ज्वायंट डायरेक्टर रमनीश और रिटायर्ड एसीपी वीके पांडे की सजा की अवधि पर सुनवाई टाल दी है। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास शशांक नंदन भट्ट ने दोषियों की ओर से समझौते के प्रस्ताव आने पर सुनवाई टालने का आदेश




दिया। कोर्ट ने सजा की अवधि पर कल यानि 28 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान इस मामले के शिकायतकर्ता और पूर्व आईआरएस अधिकारी अशोक अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि दोषियों ने समझौते के लिए कुछ प्रस्ताव दिया है। समझौते में अशोक अग्रवाल ने इसके लिए बिना शर्त माफी और मुआवजे की भी शर्त रखी है।

कोर्ट ने 18 अप्रैल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के ज्वायंट डायरेक्टर रमनीश और रिटायर्ड एसीपी वीके पांडे (उस समय सीबीआई में तैनात थे) को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 427, 448 और 34 के तहत दोषी ठहराया था। मामला अशोक अग्रवाल की शिकायत से जुड़ा हुआ है। अशोक अग्रवाल उस समय दिल्ली में डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एनफोर्समेंट के पद पर कार्यरत थे। अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि 19 अक्टूबर 2000 को की गई छापेमारी और उनके घर पर ली गई तलाशी और गिरफ्तारी पूरी तरह से गलत और दुर्भावनापूर्ण थी। तीस हजारी कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ये छापेमारी सिर्फ केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के 28 सितंबर, 2000 के आदेश को नाकाम करने के उद्देश्य से की गई थी।

कैट ने अपने आदेश में अग्रवाल के निलंबन की चार हफ्ते के भीतर समीक्षा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि इस आदेश का पालन करने की बजाय सीबीआई अफसरों ने 18 अक्टूबर, 2000 की शाम एक गुप्त बैठक की और अगले दिन सुबह अशोक अग्रवाल के घर पर छापा मारने और उन्हें गिरफ्तार करने की योजना बनाई थी। कोर्ट ने कहा कि अशोक अग्रवाल के घर की तलाशी और गिरफ्तारी की कार्रवाई न केवल अवैध थी, बल्कि इसमें शक्तियों का दुरुपयोग साफ दिख रहा है।

# संपत्ति विवाद में संजय कपूर की मां को सुप्रीम सलाह- मध्यस्थता से सुलझाएं मामला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर और प्रिया कपूर के बीच सोना ग्रुप पारिवारिक ट्रस्ट को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता के लिए भेज दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि विरासत की इस लंबी लड़ाई में 80 वर्षीय पक्षकार का कोई भला नहीं होने वाला है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि आप क्यों लड़ रहे हैं। आपके मुवक्किल की उम्र लड़ने की नहीं है। आप मध्यस्थता में जाकर मामला निपटाइए। कोर्ट ने कहा कि मामले को लंबा खींचने से कुछ हासिल नहीं होता है वो भी बड़ी उम्र में। दरअसल, दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर ने पारिवारिक ट्रस्ट आरके फैमिली ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है। रानी कपूर ने अपनी याचिका में कहा है कि आरके फैमिली ट्रस्ट के गठन और उसके प्रबंधन की परिस्थितियां सवालों के घेरे में हैं। याचिका में कहा गया है कि आरके फैमिली ट्रस्ट का गठन बिना याचिकाकर्ता की जानकारी या सहमति के किया गया। इसी वजह से याचिकाकर्ता को ट्रस्ट से बाहर कर दिया गया। ट्रस्ट की सारी संपत्ति उनकी थीं, लेकिन ट्रस्ट का गठन करते समय उन्हें सूचना तक नहीं दी गई। ट्रस्ट के गठन के समय उन्हें हार्ट का स्ट्रोक आया था, जिसकी वजह से उनकी तबीयत खराब थी। रानी कपूर ने कहा है कि ट्रस्ट के कागजात पर हस्ताक्षर बिना उसका कंटेंट जाने करा लिया गया। कुछ सादे कागजों पर उनके हस्ताक्षर ले लिए गए।

## संपादकीय

# दल-बदल की दस्तक और लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा

**वर्तमान** के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में नैतिकता का प्रश्न – चुनावी सरगर्मियों के बीच सत्ता, सिद्धांत और स्वार्थ की टकराहट, क्या लोकतंत्र का असली राजा अभी भी जागरूक मतदाता है?

वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य इस समय अस्थिरताओं, वैचारिक टकरावों और सत्ता-संतुलन के नए समीकरणों से गुजर रहा है।यदि भारतीय लोकतंत्र के भीतर झांका जाए तो यहाँ भी कम उथल-पुथल नहीं दिखती।देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी ने राजनीतिक तापमान को पहले ही ऊँचाई पर पहुँचा दिया है।इसी बीच आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों द्वारा पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लेना इस तापमान को भुचाल में बदलता प्रतीत हो रहा है। यह घटनाक्रम केवल एक दल से दूसरे दल में जाने भर का मामला नहीं है।यह भारतीय राजनीति की उस गहराई को उजागर करता है जहाँ सिद्धांत और स्वार्थ के बीच संघर्ष निरंतर जारी है।जब हम इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में जाते हैं, तो उस आंदोलन की स्मृति ताजा हो उठती है जिसने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देने का दावा किया था।अन्ना हजारे के नेतृत्व में चला जनलोकपाल आंदोलन केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आवाज नहीं था। वह एक नैतिक क्रांति का प्रतीक बन गया था।इसी आंदोलन की कोख से अरविन्द केजरीवाल ने एक राजनीतिक दल के रूप में आम आदमी पार्टी का निर्माण किया। यह एक ऐसा प्रयोग था जिसने पारंपरिक राजनीति को चुनौती देते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को अपने मूल सिद्धांतों में शामिल किया। दिल्ली की सत्ता में एक दशक तक बने रहना और राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करना इस प्रयोग की सफलता का प्रमाण माना गया।किन्तु समय के साथ यह भी स्पष्ट होता गया कि आदर्शों की जमीन पर खड़ी राजनीति को सत्ता के गलियारों में टिकाए रखना सरल नहीं होता।आज जब उसी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद - जिनमें राघव चड्ढा और हरभजन सिंह जैसे चर्चित नाम शामिल हैं–दल बदलते हैं, तो यह केवल एक संगठनात्मक संकट नहीं रह जाता।यह उस वैचारिक प्रतिबद्धता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है जो कभी इस पार्टी की पहचान हुआ करती थी।इस पूरे घटनाक्रम पर अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण और विचारणीय है।उन्होंने जिस स्पष्टता के साथ दलबदल विरोधी कानून को सख्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया,वह केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं है। वह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने की पुकार है।उनका यह कहना कि वर्तमान व्यवस्था में नेता व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर पार्टी बदल लेते हैं,भारतीय राजनीति की एक कटु सच्चाई को सामने लाता है। यह सच्चाई किसी एक दल या व्यक्ति तक सीमित नहीं है।यह एक व्यापक प्रवृत्ति बन चुकी है जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों को धीरे-धीरे क्षीण किया है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य: एक वैश्विक मानवीय प्रतिबद्धता



– महेन्द्र तिवारी

> नियोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि श्रमिक केवल उत्पादन का साधन नहीं बल्कि संगठन की सबसे मूल्यवान पूंजी हैं। सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता से श्रमिकों का विश्वास बढ़ता है और उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता है। श्रमिकों की जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कई बार दुर्घटनाएँ इसलिए होती हैं क्योंकि श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते या उन्हें उनकी जानकारी नहीं होती

विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को मनाया जाता है और यह दिन दुनिया भर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा का एक गंभीर स्मरण भी है। इस दिन का उद्देश्य कार्यस्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं, बीमारियों और जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सरकारों, संस्थाओं और समाज को यह याद दिलाना है कि आर्थिक विकास का वास्तविक आधार सुरक्षित और स्वस्थ श्रमिक ही होते हैं।

विश्व स्तर पर श्रमिकों की स्थिति पर नजर डालें तो यह स्पष्ट होता है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग असुरक्षित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के अनुसार हर वर्ष लगभग 2.78 मिलियन लोग कार्यस्थल से जुड़ी दुर्घटनाओं और बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। इसके अलावा करीब 374 मिलियन गैर घातक दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनसे लोगों को गंभीर चोटें और लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं। ये आँकड़े यह दशार्ते हैं कि कार्यस्थल की सुरक्षा केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक अनिवार्यता है।

विकासशील देशों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। भारत जैसे देशों में बड़ी संख्या में लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जहाँ न तो उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होते हैं और न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ। खेतों में काम करने वाले मजदूर, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिक, छोटे कारखानों के कर्मचारी और घरेलू कामगार अक्सर जोखिम भरे वातावरण में काम करते हैं। कई बार उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे किन खतरों के बीच काम कर रहे हैं। यह अज्ञानता और संसाधनों की कमी मिलकर दुर्घटनाओं की संभावना को और बढ़ा देती है। कार्यस्थल पर सुरक्षा का अर्थ केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य भी शामिल है। आधुनिक समय में काम का दबाव, लंबे समय तक काम करना, अस्थिर रोजगार और आर्थिक असुरक्षा जैसे कारक मानसिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं के कारण हर वर्ष लगभग 12 बिलियन कार्य दिवसों का नुकसान होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य भी कार्यस्थल की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



तकनीकी प्रगति ने जहाँ एक ओर काम को आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर नए प्रकार के जोखिम भी उत्पन्न किए हैं। मशीनों का अधिक उपयोग, रसायनों का संपर्क, और डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता ने नए स्वास्थ्य खतरे पैदा किए हैं। उदाहरण के लिए लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आँखों और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्रों में रसायनों के संपर्क से गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। इसलिए सुरक्षा उपायों को समय के साथ अद्यतन करना आवश्यक है।

विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसका मतलब यह है कि दुर्घटना होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से ही ऐसे उपाय किए जाएँ जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो जाए। इसके लिए जोखिम का आकलन, सुरक्षा प्रशिक्षण, उचित उपकरणों का उपयोग और नियमित निरीक्षण जैसे कदम आवश्यक हैं। यदि किसी कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है, तो न केवल श्रमिक सुरक्षित रहते हैं बल्कि उत्पादकता भी बढ़ती है और आर्थिक नुकसान कम होता है।

सरकारों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मजबूत कानून, प्रभावी निगरानी और सख्त कार्यान्वयन के बिना कार्यस्थल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। भारत में भी श्रम कानूनों के माध्यम से सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई प्रावधान किए गए हैं, लेकिन इनका सही क्रियान्वयन अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। कई छोटे उद्योगों में नियमों का पालन नहीं किया जाता और निरीक्षण की प्रक्रिया भी पर्याप्त नहीं है। इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार, उद्योग और समाज के बीच सहयोग आवश्यक है।

नियोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि श्रमिक केवल उत्पादन का साधन नहीं बल्कि संगठन की सबसे मूल्यवान पूंजी हैं। सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता से श्रमिकों का विश्वास बढ़ता है और उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

श्रमिकों की जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कई बार दुर्घटनाएँ इसलिए होती हैं क्योंकि श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते या उन्हें उनकी जानकारी नहीं होती। यदि श्रमिक अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक हों, तो वे खुद को बेहतर तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है।

कोविड 19 महामारी ने कार्यस्थल सुरक्षा के महत्व को और अधिक स्पष्ट कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों, सफाई कर्मचारियों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों ने अत्यधिक जोखिम के बीच काम किया। इससे यह सीख मिली कि आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता होती है। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन भी कार्यस्थल सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती बनकर उभर रहा है। बढ़ते तापमान, अत्यधिक गर्मी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण श्रमिकों के लिए काम करना कठिन होता जा रहा है। विशेष रूप से खुले में काम करने वाले लोगों जैसे किसान और निर्माण श्रमिकों के लिए यह एक गंभीर समस्या है। अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रेस, निर्जलीकरण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसलिए जलवायु के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियाँ बनाना आवश्यक है। इस दिवस का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाता है।

आर्थिक विकास, उत्पादन और लाभ तभी सार्थक हैं जब वे मानव जीवन की सुरक्षा और सम्मान के साथ जुड़े हों। यदि किसी भी विकास की कीमत मानव जीवन हो, तो वह विकास अधूरा है। इसलिए यह दिन हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानजनक परिस्थितियों में काम कर सके।

भविष्य की दिशा में देखते हुए यह आवश्यक है कि हम तकनीक, नीति और जागरूकता को एक साथ लेकर चलें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन जैसे क्षेत्र कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही नए प्रकार के कौशल और प्रशिक्षण की आवश्यकता भी होगी। यदि हम इन परिवर्तनों को सही तरीके से अपनाते हैं, तो हम एक ऐसे कार्य वातावरण का निर्माण कर सकते हैं जो सुरक्षित, स्वस्थ और समावेशी हो।

अंततः विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक संकल्प है। यह संकल्प है कि हर श्रमिक का जीवन मूल्यवान है, हर कार्यस्थल सुरक्षित होना चाहिए और हर व्यक्ति को स्वस्थ वातावरण में काम करने का अधिकार है। जब तक दुनिया का हर श्रमिक सुरक्षित नहीं होता, तब तक यह प्रयास जारी रहना चाहिए।

# सुरक्षित कार्यस्थल, स्वस्थ कर्मचारी, समृद्ध राष्ट्र

**सुनील कुमार महला**

प्रतिवर्ष 28 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। वास्तव में,इस दिवस का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर काम करने वालों की उचित सुरक्षा, उनके बेहतर स्वास्थ्य तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सुरक्षित कार्यस्थल केवल कर्मचारियों का अधिकार ही नहीं, बल्कि उत्पादकता(प्रोडेक्टीविटी) बढ़ाने और समाज तथा राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए भी अनिवार्य है। सच तो यह है कि कोई भी काम किसी व्यक्ति की जान या उसके स्वास्थ्य से बड़ा नहीं हो सकता। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।हमारे यहां कहा भी गया है कि-'पहला सुख निरोगी काया।' दुनिया की तमाम धन-दौलत, ऊंचे पद और सुख-सुविधाएं, विलासिता सबकुछ व्यर्थ हैं, यदि मनुष्य का शरीर स्वस्थ न हो। हमें यह याद रखना चाहिए कि स्वस्थ मस्तिष्क ही हमारी रचनात्मक सोच का आधार है और मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ होगा तभी कोई मनुष्य कठिन परिश्रम कर सकता है।सच तो यह है कि जब हम स्वस्थ और सुरक्षित होते हैं, तब अधिक रचनात्मक, अधिक उत्पादक बनते हैं और जीवन में सफलता का आधार तैयार करते हैं। स्वस्थ रहकर हम न केवल अपने जीवन का असली आनंद लेते हैं, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी सुरक्षित व सही रख सकते हैं। अक्सर यह कहा जाता कि एक बीमार राजा की तुलना में एक स्वस्थ भिखारी अधिक सुखी और शक्तिशाली होता है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन विश्वभर में विभिन्न श्रमिकों के अधिकारों तथा सुरक्षित कार्यस्थलों के लिए कार्य करता है।पाठक जानते हैं कि आज पूरी दुनिया में हर वर्ष लाखों लोग कार्यस्थल दुर्घटनाओं या काम से जुड़ी अनेक बीमारियों व रोगों का शिकार होते हैं।विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवसको मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल दुर्घटनाओं को रोकना, व्यावसायिक रोगों से बचाव करना, कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा एक सुरक्षित, सुंदर व अच्छी कार्य संस्कृति विकसित करना है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि व्यावसायिक रोग वे रोग या बीमारियाँ हैं, जो किसी व्यक्ति को उसके काम, कार्यस्थल या पेशे की परिस्थितियों के कारण हो जाती हैं। अर्थात नौकरी या व्यवसाय से जुड़े वातावरण, रसायनों, धूल, शोर, तनाव, मशीनों या संक्रमण के कारण होने वाले रोग व्यावसायिक रोग कहलाते हैं।

आज बहुत से लोग ऐसे कल-कारखानों में काम करते हैं, जहां उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियां घेर लेती हैं।

## विचार

# कानून हैं, योजनाएं हैं, फिर भी सीवर में मौतें – आखिर जिम्मेदार कौन?

**प्रो. आरके जैन**

**शहरों** की चमक जब स्वच्छता के दावों से आत्ममुग्ध होकर दमकती है, उसी क्षण उसी चमक के भीतर छिपा अंधकार चुपचाप इंसानी जिंदगियों को निगलता चला जाता है। मार्च 2026 की शुरूआत में स्वच्छता के शिखर पर खड़े इंदौर में, चोइथराम मंडी गेट के पास एक सीवर चैंबर दो जिंदगियों का अंत बन गया–करण यादव और अजय डोडी जहरीली गैसों के कारण दम घुटने से काल के गाल में समा गए। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के वे उस घातक गहराई में उतरे; एक के अचेत होते ही दूसरा उसे बचाने भीतर गया, पर दोनों ही वापस नहीं लौट सके। यह घटना महज एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा नहीं, बल्कि उस विफल व्यवस्था की कठोर सच्चाई है, जो अपने सबसे कमजोर कर्मियों को सुरक्षित रखने में बार-बार असफल साबित हो रही है। पीड़ा की यह आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि कुछ ही सप्ताह बाद 15 अप्रैल 2026 को हरियाणा के नूह जिले के फिरोजपुर झिरका में वही भयावह दृश्य फिर दोहराया गया। पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के ठेकेदार ने तीन मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतार दिया, जहां जहरीली गैसों ने दो जीवन–राजेंद्र कुमार और अब्दुल कलाम–को निगल लिया, जबकि तीसरा मजदूर गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचा। इस तरह की लगातार होती घटनाएं यह साफ संकेत देती हैं कि यह कोई अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक और स्थापित होती जा रही व्यवस्था बन चुकी है। देश के अलग-अलग कोनों में फैलती यह मौतें बार-बार यह कठोर सवाल खड़ा करती हैं कि आखिर कब तक गरीब मजदूर अपनी जान की कीमत पर हमारी स्वच्छता की जिम्मेदारी ढोते रहेंगे। संवैधानिक अधिकारों और मानव गरिमा की रक्षा के दावों के बीच भी इन घटनाओं की अनदेखी संभव नहीं रह सकी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इंदौर मामले पर 5 मार्च 2026 और नूह मामले पर 24 अप्रैल 2026 को स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का हवाला देकर स्पष्ट किया कि बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतरना मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। रिपोर्ट में सुरक्षा उपकरणों की कमी, ठेकेदारी व्यवस्था की खामियां और मुआवजे की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। यह हस्तक्षेप दिखाता है कि यह समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और प्रशासनिक विफलता का परिणाम भी है। सांख्यिकीय सच्चाइयों की परतें जैसे-जैसे खुलती हैं, यह संकट और अधिक भयावह रूप लेता है। सफाई कर्मचारी आंदोलन के अनुसार 2014 से 2025 के बीच 859 सफाई कर्मियों की जान सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई में गई। 2017 से मार्च 2026 तक 622 मौतें दर्ज हुईं, जबकि 2026 के पहले चार महीनों में ही 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। सरकारी आंकड़े अक्सर कम बताते हैं, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक कठोर है। हर साल औसतन 80 से 130 सफाई कर्मी हाइड्रोजन सल्फाइड और मीथेन जैसी जहरीली गैसों से दम घुटने के कारण जान गंवा रहे हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन परिवारों की टूटी हुई कहानियां हैं जिन्होंने अपने अपनों को हमेशा के लिए खो दिया है। कानूनों और न्यायिक आदेशों की मौजूदगी के बावजूद जमीन पर बदलाव न दिखना इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना है। 2013 का मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध और पुनर्वास अधिनियम इस अमानवीय प्रथा पर रोक लगाता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने मैकेनाइज्ड सफाई अनिवार्य करते हुए मृतक परिवारों को 30 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। फिर भी इंदौर और नूह मामलों में मुआवजे की घोषणा के बावजूद सवाल बना रहता है कि क्या केवल आर्थिक सहायता पर्याप्त है? ठेकेदारों की लापरवाही, सुरक्षा उपकरणों की कमी और कमजोर निगरानी व्यवस्था इन कानूनों को कागजों तक सीमित कर देती है। घोषित नीतियों और धरातल की सच्चाई के बीच की दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन-2 और ह्यनामास्तेह्न जैसी योजनाओं में मैकेनाइज्ड सफाई तथा सफाई कर्मियों के कल्याण पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए हजारों करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। इसके बावजूद इंदौर जैसे शहरों में आधुनिक मशीनें होते हुए भी उनका नियमित उपयोग नहीं किया जाता, जबकि नूह जैसे क्षेत्रों में ठेकेदार जिम्मेदारी से बच निकलते हैं। सस्ती मजदूरी के लालच में मानव जीवन को जोखिम में डाल दिया जाता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# प्रारंभिक सबक जो टिकते हैं: बचपन में जिम्मेदारी और दिनचर्या

**डॉ विजय गर्ग**

**विकर्षणों** और अवसरों से भरी तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चों को सफल होने के लिए शैक्षणिक ज्ञान से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। उन्हें जीवन कौशल की आवश्यकता होती हैं। इनमें सबसे मौलिक हैं जिम्मेदारी और दिनचर्या। ये दो गुण, जब घर पर जल्दी विकसित किए जाते हैं और कक्षा में सुदृढ़ किये जाते हैं, तो अनुशासित, आत्मविश्वासी और सक्षम व्यक्तियों की नींव रख देते हैं।

जिम्मेदारी कोई ऐसी चीज नहीं है जो रातोंरात विकसित हो जाए। इसका पोषण छोटे, सुसंगत कार्यों के माध्यम से किया जाता है। जब बच्चों को उम्र के अनुरूप कार्य दिए जाते हैं, जैसे कि स्कूल बैग व्यवस्थित करना, समय पर होमवर्क पूरा करना, या घर के साधारण कामों में मदद करना, तो वे जवाबदेही समझने लगते हैं। वे सीखते हैं कि उनके कार्यों के परिणाम होते हैं, और भरोसेमंद होने से दूसरों में विश्वास पैदा होता है। दूसरी ओर, दिनचर्या संरचना प्रदान करती है। बच्चे ऐसे वातावरण में पनपते हैं जहां अपेक्षाएं स्पष्ट और सुसंगत होती हैं। एक दैनिक दिनचर्या–एक निर्धारित समय पर जागना, नियमित रूप से स्कूल जाना, अध्ययन और खेलने के लिए समय समर्पित करना, और नींद का कार्यक्रम बनाए रखना?बच्चों को सुरक्षित महसूस करने में मदद करता है। इससे चिंता कम होती है, ध्यान में सुधार होता है और समय प्रबंधन कौशल बढ़ता है। घर पर, माता-पिता इन आदतों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो बच्चा अपने आस-पास की स्थिरता देखता है, वह उसे आत्मसात करने की अधिक संभावना रखता है। नियमित भोजन का समय निर्धारित करना, बच्चों को अपने घर की सफाई करने के लिए प्रोत्साहित करना, तथा एक निश्चित अध्ययन घंटे स्थापित करना जैसे सरल तरीके महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि माता-पिता को स्वयं जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, क्योंकि बच्चे अक्सर निर्देश की अपेक्षा अवलोकन से अधिक सीखते हैं। कक्षा में, शिक्षक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं जो इन मूल्यों को मजबूत करते हैं।

# शिक्षा से रोजगार तक का अधूरा सफर

**डॉ विजय गर्ग**

**आधुनिक स**मय में शिक्षा और रोजगार का संबंध पहले से कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गया है। एक समय था जब उच्च शिक्षा को सीधे बेहतर रोजगार की गारंटी माना जाता था, लेकिन आज यह धारणा धीरे-धीरे बदल रही है। डिग्रियों की बढ़ती संख्या, बदलती अर्थव्यवस्था, तकनीकी विकास और कौशल की मांग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा के समांतर रोजगार की अपनी एक सीमा है। सबसे पहले, यह समझना आवश्यक है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास का माध्यम है। जब हम शिक्षा को केवल रोजगार के संदर्भ में देखने लगते हैं, तो हम उसके व्यापक महत्व को सीमित कर देते हैं। यही कारण है कि कई बार उच्च शिक्षित युवा भी बेरोजगारी का सामना करते हैं, क्योंकि उनकी शिक्षा बाजार की मांग के अनुरूप नहीं होती। दूसरी ओर, रोजगार का क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। डिजिटल युग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और ऑटोमेशन ने पारंपरिक नौकरियों की संरचना को बदल दिया है। कई ऐसे कार्य जो पहले मनुष्यों द्वारा किए जाते थे, अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। इस परिवर्तन के कारण केवल डिग्री होना पर्याप्त नहीं रह गया है; व्यावहारिक कौशल, नवाचार की क्षमता और अनुकूलनशीलता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी का एक बड़ा कारण शिक्षा प्रणाली का पारंपरिक होना भी है। अधिकांश पाठ्यक्रम अभी भी सैद्धांतिक ज्ञान पर अधिक केंद्रित हैं, जबकि उद्योगों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल की आवश्यकता होती है। इस अंतर के कारण विद्यार्थी पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रोजगार के लिए तैयार नहीं होते। जनसंख्या वृद्धि और सीमित संसाधनों के कारण रोजगार के अवसर भी सीमित हैं। हर वर्ष लाखों विद्यार्थी डिग्री लेकर निकलते हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त नौकरियाँ उपलब्ध नहीं होतीं। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और कई योग्य उम्मीदवार भी अवसरों से वंचित रह जाते हैं। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि शिक्षा का महत्व कम हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त संपन्न कराने के लिए रेवाड़ी पुलिस पूरी तरह अलर्ट

**हरियाणा** में आगामी नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए रेवाड़ी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देशानुसार शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक स्तर पर 'फ्लैग मार्च' निकाला गया। पुलिस के इस पैदल मार्च ने शहर के मुख्य बाजारों, व्यस्त चौराहों और विशेष रूप से चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। थाना शहर प्रभारी ने स्पष्ट किया कि राज्य चुनाव आयोग की गाइडलाइंस की सख्ती से पालन की जा रही है। चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने वाले या कानून का उल्लंघन करने वाले 'बेड एलिमेंट्स' को विशेष रूप से चिन्हित किया जा रहा है। थाना शहर प्रभारी ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव के दौरान संवेदनशील स्थानों और प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त नाकेबंदी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अस्त्र-शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने हथियार संबंधित थाने या अधिकृत गन हाउस में तुरंत जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना करने वालों के लाइसेंस रद्द करने व नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं।

रेवाड़ी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा, "लोकतंत्र के इस उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए, तो तुरंत पुलिस को डायल 112 पर सूचित करें।"रेवाड़ी पुलिस निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और हर स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। बाइट :: सूबे सिंह रत्नड थाना शहर रेवाड़ी।

### सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले के कस्बा घरौंडा में जीटी रोड पर इंडस्ट्रियल एरिया के सामने एक सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा देर रात उस समय हुआ, जब युवक अपने निजी काम से वापस लौट रहा था। अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले में अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

गांव राजाखेड़ी के राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है और उसके तीन भाई-बहन हैं, जो सभी शादीशुदा हैं। उसका बड़ा भाई संजय कुमार 26 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर पर सवार होकर करनाल गया था। देर रात उसे सूचना मिली कि उसके भाई का जीटी रोड पर किसी अज्ञात वाहन के साथ एक्सीडेंट हो गया है। वह तुरंत सरकारी अस्पताल करनाल पहुंचा, जहां उसे भाई की मौत की जानकारी मिली।

राजेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि अज्ञात वाहन ड्राइवर ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके भाई की बाइक को टक्कर मारी। जिससे गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसने पुलिस से आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले की सूचना मिलने पर घरौंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया। बाद में शव को डेड हाउस करनाल में रखवाया गया, जहां राजेन्द्र कुमार ने अपने भाई संजय कुमार के रूप में पहचान की। पुलिस जांच में सामने आया कि अज्ञात वाहन ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ है। इस आधार पर थाना घरौंडा में बीती रात को मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीसी के मार्गदर्शन में किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति किया जा रहा जागरूक

**जागरूकता**

डीसी के निर्देश पर जमावड़ी व ढाणा कलां के स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ**

उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में जिला में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जमावड़ी तथा ढाना कलां के स्कूलों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, एएनएम, जीएनएम तथा आशा वर्करों ने किशोरियों व उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी 14 से 15 वर्ष की किशोरियां इस वैक्सीन को अवश्य लगवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। स्कूल स्तर पर लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक किशोरियां इस टीकाकरण से लाभान्वित हो सकें। साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और टीकाकरण के लिए आगे आएं।

स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए संचालित किया जा रहा है। एचपीवी वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टाइप-16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण होते हैं। इसके अलावा यह टाइप-6 और 11 से भी बचाव में सहायक है।

उन्होंने आगे बताया कि सर्वाइकल कैंसर जिसका प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण होता है। समय पर टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है।

## कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने जगदीश बरवालिया पंसारी से फोन पर बात करके उचित मुआवजा दिलवाने का दिया आश्वासन



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम , वंदना शर्मा**

**तोशाम,27** अप्रैल।बीती रात को तोशाम के मैन चौक में किरयाना की दुकान पर बिजली के शार्ट शर्किट होने से हुई आगजनी की पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी एसडीएम और पुलिस अधिकारियों से आगजनी की फीडबैक ली।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और पूर्व सांसद किरण चौधरी के निदेर्शानुसार आज सोमवार को तोशाम से भाजपा संयोजक हरिसिंह सांगवान, वाइस चेयरमेन सुनील भारीवास, पूर्व चैयरमेन सुखबीर, रामबिलास सागवनिया, पंकज बालकिया, गत रात्रि जगदीश बरवालिया पंसारी की दुकान मे आग लगने के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे। जहां भाजपा संयोजक हरिसिंह सांगवान व अन्य गण मान्य नागरिकों ने पहुंचकर पुर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को अवगत कराया। पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने तुरंत किराना स्टोर के मलिक जगदीश से फोन पर बात करते हुए दुकानदार से आग लगने के कारण का पता लगाया और कहा कि आपको घबराने की जरूरत नहीं है।

### जिला में अब तक हुई 7 लाख 74 हजार 503 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिला की मंडियों में गेहूं की आवक अंतिम चरण में है। गेहूं खरीद कार्य पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और समय.समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा द्वारा स्वयं अनाज मंडियों का दौरा किया गया है और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी रखें, किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दी जाए तथा मंडियों से गेहूं का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि अब तक

## बिजली के अघोषित कटों को लेकर जोरदार प्रदर्शन

**समस्या**

जगमग योजना में शामिल पिंजुपुरा गांव को 24 घंटें में मुश्किल से मिल रही 10 घंटें बिजली



**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत**। कलायत के गांव पिंजुपुरा के ग्रामीणों ने जगमग योजना के अंतर्गत आने के बाद भी गांव में बिजली के अघोषित कटों के संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए डीएसपी रोहताश कुमार के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बल निगम कार्यालय परिसर में तैनात रहा। बिजली समस्या को लेकर पहले गांव में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों व युवाओं की पंचायत हुई। उपरांत ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए कलायत स्थित बिजली निगम के उप मंडल कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने करीब दो घंटें तक निगम कार्यालय के अंदर प्रदर्शन करते हुए बिजली समस्या के निवारण की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं भारी गर्मी के बीच अपने बच्चों को गोद में लेकर निगम के खिलाफ मोर्चा संभाले रही। युवा समाज सेवी हरपाल ढूकसह की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में पंचायत सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के युवा शामिल रहे। हरपाल ढूकसह, राकेश, जय भगवान, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, कमल, धर्मपाल, रामदिया, चांदी राम, कमलेश, संतरो, जंगीरो, मामो, सोना, सुभाष, महेंद्र, शमशेर सिंह, सुनीता व अन्य ग्रामीणों नेकहा कि पिंजुपुरा गांव को करीब पांच वर्ष पहले निगम द्वारा जगमग योजना में शामिल किया गया था। इसके तहत गांव को 24 घंटें बिजली मिलनी थी। ग्रामीण शत प्रतिशत बिल अदा कर रहे हैं। बावजूद इसके सुबह 6 से लेकर दोपहर 12 बजे तक, सांय 3 से साढ़े साते बजे तक, रात्रि 8 बजकर 30 मिनट से 10 बजे तक, आधी रात को 12 से 2 बजे व अगली सुबह 4 से 5 के बीच बिजली के कट रहते हैं।

### निगम आयुक्त ने की स्व-गणना, नागरिकों से भी भागीदारी की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने भारत सरकार के निदेर्शानुसार चल रही स्व-गणना प्रक्रिया के तहत स्वयं अपनी गणना पूरी कर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से भी इस महत्वपूर्ण कार्य में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा देशभर में स्व-गणना का कार्य शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और सटीक बनाना है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए घर बैठे ही अपनी जनगणना आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए भारत सरकार द्वारा आधिकारिक लिंक ˝ttps://se.census.gov.in / जारी किया गया है।

नगर निगम कर्मचारियों ने निभाई जिम्मेदारी- उन्होंने बताया कि नगर निगम करनाल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी स्व-गणना पूर्ण कर ली है। इससे न केवल विभागीय स्तर पर जागरूकता बढ़ी है, बल्कि नागरिकों के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश भी है कि इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी कितनी आवश्यक है।

## समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सुनीं समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आज समाधान शिविर आयोजित हुए जिनमें करनाल मुख्यालय पर 4, नीलोखेड़ी उपमंडल में 2 तथा इंद्री, घरौंडा व असंध उपमंडल में एक-एक शिकायत प्राप्त हुईं।



उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार हर सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पडें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का सरकार और प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर लागू करने का एक प्रभावी माध्यम है।

ये आई शिकायतें

करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में राजकुमार जमाबंदी से संबंधित शिकायत को लेकर पहुंचे।

सुमन बीमा कलेम से संबंधित अपनी शिकायत लेकर पहुंची, बीना रानी राजस्व विभाग से संबंधित अपनी शिकायत लेकर पहुंचे इसी प्रकार मोनिका राशन कार्ड से संबंधित शिकायत को लेकर पहुंची

नीलोखेड़ी उपमंडल से निर्मल कुमार व सुल्तान सिंह परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायत को लेकर पहुंचे।

इसी प्रकार इंद्री उपमंडल से राम गोपाल अपनी शिकायत पीने के पानी की जांच करवाने बारे संबंधित शिकायत को लेकर पहुंचे। घरौंडा उपमंडल से सुनीता बिजली विभाग से संबंधित शिकायत लेकर पहुंची। इसी प्रकार असंध से सज्जन सिंह जन्म तिथि सत्यापन से संबंधित शिकायत को लेकर समाधान शिविर में पहुंचे।

## अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार, भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले में पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ टीम ने अवैध हथियार मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले आरोपी तरुण शर्मा को एक अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ मुकदमा 25 अप्रैल को थाना सदर करनाल में दर्ज किया गया था। तरुण शर्मा को कोर्ट में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था, ताकि उससे गहन पूछताछ की जा सके। रिमांड के दौरान पूछताछ में तरुण शर्मा ने खुलासा किया कि उसने यह अवैध हथियार अपने साथी प्रदीप उर्फ नीरू से खरीदा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और गुप्त सूचना जुटाई। इसके बाद टीम ने गांव रावर के पास आवर्धन नहर पटरी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीआईए-1 टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू किया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी प्रदीप उर्फ नीरू को कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसआई मदन लाल का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अवैध हथियार नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### डीआइपीआरओ कार्यालय में स्व-गणना हेतु हेल्प-डेस्क स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सत्यवान महिवाल ने उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निदेर्शों की अनुपालना करते हुए सोमवार को अपने कार्यालय में स्टाफ सदस्यों के साथ स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए कार्यालय परिसर में स्व.गणना हेल्प.डेस्क की स्थापना भी की। उन्होंने बताया कि इस हेल्प-डेस्क के माध्यम से कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी स्व-गणना वेब पोर्टल पर आसानी से अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे।

## लास वेगास में करनाल के निशांत देव का धमाका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। करनाल के बॉक्सर निशांत देव ने विदेश में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। अमेरिका के लास वेगास में हुए बड़े बॉक्सिंग मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को दूसरे ही राउंड में नॉकआउट कर जीत हासिल की। इस जीत के साथ उन्होंने अपने प्रोफेशनल करियर में लगातार जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। इस जीत के बाद निशांत ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर फोटो के साथ पोस्ट किया और लिखा-वो मुझ पर शक करते रहते हैं। मैं उन्हें गलत साबित करता रहूँगा। साल की शुरूआत 8 राउंडर के साथ की, दूसरे राउंड के नॉकआउट के साथ की।



अमेरिका के लास वेगास में 26 अप्रैल को हुए बॉक्सिंग इवेंट में निशांत देव का मुकाबला जुआन कार्लोस गुएरा जूनियर से हुआ। यह फाइट बड़े इवेंट के अंडरकार्ड में शामिल थी, जहां दुनियाभर के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। मुकाबले की शुरूआत से ही निशांत ने आक्रामक अंदाज अपनाया। निशांत देव ने दूसरे राउंड के अंतिम क्षणों में जोरदार पंच लगाकर अपने प्रतिद्वंदी को गिरा दिया। इसके बाद लगातार अटैक करते हुए उन्होंने तकनीकी नॉकआउट के जरिए मुकाबला अपने नाम कर लिया। रेफरी ने स्थिति को देखते हुए फाइट रोक दी और निशांत को विजेता घोषित किया गया।

यह निशांत देव के प्रोफेशनल करियर की छठी फाइट थी और उन्होंने सभी मुकाबले जीतकर अपना रिकॉर्ड अजेय बनाए रखा है। इससे पहले भी वे कई मुकाबलों में नॉकआउट से जीत दर्ज कर चुके हैं। उनकी यह जीत उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिला रही है। यह मुकाबला उनके करियर का पहला 8 राउंड का मैच था, जिसे बड़े स्तर की परीक्षा माना जा रहा था। हालांकि निशांत ने इसे जल्दी खत्म कर अपनी ताकत और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया।निशांत देव इससे पहले ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और 2025 में उन्होंने प्रोफेशनल बॉक्सिंग की शुरूआत की थी। अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और बड़े खिताबों की ओर नजर बनाए हुए हैं।

निशांत के पिता पवन देव का कहना है कि निशांत की इस जीत से करनाल और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## करनाल को स्मार्ट और स्वच्छ बनाने पर मंथन, व्यापक रोडमैप तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को अपने कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर गहन विचार विमर्श किया। इस बैठक का उद्देश्य करनाल को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित, स्वच्छ और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा।



महापौर ने कहा कि जनमानस की आवश्यकताओं के अनुरूप करनाल शहर को और अधिक बेहतर एवं स्मार्ट बनाने के लिए एकजुट प्रयास करने होंगे। इस दिशा में निरंतर तेजी से कदम उठाते हुए नागरिकों का फीडबैक लिया जाए और मजबूत टीम वर्क के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

बैठक के दौरान शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खासतौर पर सडकों के चौड़ीकरण, प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण, फुटपाथ और पाथ-वे निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने तथा सीवरेज व्यवस्था को मजबूत और व्यवस्थित करने पर विशेष फोकस रखा गया।

महापौर ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है, ताकि आने वाले वर्षों में भी शहर की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने अलग-अलग इकाइयों से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विकास कार्यों के दौरान आमजन को होने वाली असुविधाओं को न्यूनतम रखने के लिए बेहतर प्रबंधन पर भी जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी बैठक में गंभीर मंथन किया गया।

महापौर ने कहा कि करनाल को स्वच्छता के मामले में मॉडल शहर बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड में नियमित और प्रभावी सफाई व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। इसके लिए क्षेत्रवार सर्वेक्षण कर वास्तविक जरूरतों का आकलन करने और उसी के अनुरूप संसाधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों में समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करने तथा नागरिकों, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से लगातार फीडबैक लेने पर भी विशेष बल दिया गया। महापौर ने कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को सही दिशा और गति मिलती है, और इससे योजनाओं की प्रभावशीलता भी बढ़ती है।

बैठक में एएमसी अशोक कुमार, एसई पुनीत, कंसलटेंट महीपाल, एक्सईएन प्रियंका सैनी, मोनिका, सीएसआई सुरेंद्र चोपड़ा, जेई राजकुमार, सतीश मित्तल सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चुन्नी बाइक के टायर में फंसने से महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले में पति और बच्चों के साथ घूमने निकली एक महिला की मौत हो गई। महिला बाइक पर पीछे बैठी थी और उसने अपनी एक साल की बेटी को गोद में लिया हुआ था। अचानक उसकी चुन्नी बाइक के पिछले टायर में फंस गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला बच्ची सहित सडक पर गिर गई। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।



मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली निवासी 26 वर्षीय रचना के रूप में हुई है। वह फिलहाल परिवार के साथ करनाल के कर्ण विहार में किराए के मकान में रह रही थी। पति अश्वनी एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। रविवार शाम रचना अपने पति अश्वनी और बच्चों के साथ बाइक पर घूमने निकली थी। बाइक पर रचना ने अपनी एक साल की बच्ची देवांशी को गोद में लिया हुआ था, जबकि दूसरा बच्चा अपने पिता के आगे बैठा था। रास्ते में अचानक रचना की चुन्नी बाइक के पिछले पहिए में फंस गई। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और रचना बच्ची सहित सडक पर गिर गई।

राजेश के अनुसार गिरते समय रचना का सिर सीधे सडक से टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बच्ची को भी चोटें आईं। रचना को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 28 अप्रैल 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है नारी शक्ति वंदन अधिनियमः विधायक विनोद भयाना



**हांसी (दिनकर गावड़ी):**
विधानसभा सत्र के दौरान विधायक विनोद भयाना ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जोरदार संबोधन देते हुए इसे देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका उचित अधिकार और सम्मान दिलाने का सशक्त माध्यम है।
विधायक विनोद भयाना ने अपने संबोधन में कहा कि इस संविधान संशोधन के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाया जा रहा है, जिससे वे नेतृत्व की मुख्यधारा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना उनकी संकीर्ण और महिला विरोधी सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह विरोध न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं की भावनाओं का भी अपमान है, जो वर्षों से अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रही थीं। देशभर की महिलाएं अब समझ चुकी हैं कि कौन उनके हितों के साथ खड़ा है और कौन केवल राजनीति कर रहा है।
विनोद भयाना ने कहा कि आज देश महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक निर्णय ले रहा है, लेकिन विपक्ष की हिचकिचाहट यह दशार्ती है कि वे अभी भी पुरानी सोच में जकड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग वर्षों तक इस मुद्दे को केवल घोषणाओं तक सीमित रखते रहे, आज ठोस कदम उठाए जाने पर असहज नजर आ रहे हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार ह्वनारी का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मानह्व की भावना के साथ कार्य कर रही है और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही सरकार किसान और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध है।
विधायक विनोद भयाना ने सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में सोचें और महिलाओं को उनका अधिकार देने के इस ऐतिहासिक अवसर पर एकजुट होकर समर्थन करें। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक नए भारत की नींव है, जहां महिलाएं सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

# तीनों नगर निगम कार्यालयों में होगी शीतल पेयजल की व्यवस्थाः मेयर सुमन

## निरीक्षण में मेयर को बंद मिला वाटर कूलर, तीनों निगम कार्यालयों में शीतल पेयजल के दिए निर्देश

**जायजा लिया**

मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम कार्यालय जगाधरी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया




**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम कार्यालय जगाधरी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को तीनों निगम कार्यालयों में शीतल पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लगा वाटर कूलर बंद मिला, जिस पर मेयर ने नाराजगी जताते हुए तत्काल उसकी सर्विस व सफाई कराकर आमजन के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
मेयर सुमन बहमनी अचानक पार्षद रीना रस्तोगी, अरुण कुमार, जयंत स्वामी, भानू प्रताप, अंकित कुमार और प्रियांक शर्मा के साथ नगर निगम कार्यालय जगाधरी में निरीक्षण करने पहुंचीं। मेयर के पहुंचने की सूचना मिलते ही सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, सफाई निरीक्षक अमित कांबोज सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पार्षदों ने मेयर के समक्ष कार्यालय में आमजन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने की समस्या रखी। इस पर मेयर स्वयं वाटर कूलर के पास पहुंचीं और जांच की। नल से पानी नहीं आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल वाटर कूलर की सर्विस व सफाई कराकर शीतल पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में कार्यालय में कर्मचारियों और कार्यालय आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। मेयर ने अधिकारियों को केवल जगाधरी कार्यालय ही नहीं, बल्कि नगर निगम के तीनों कार्यालयों में पेयजल व्यवस्थाओं की जांच कर उन्हें बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालयों, वाटर टैंकों और पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा।
निरीक्षण के दौरान मेयर ने कार्यालय परिसर में दीवारों पर बिखरी और ढीली बिजली की तारों को व्यवस्थित करने, पार्क की घास कटिंग कराने, बैंच और कनौपी की मरम्मत, पौधों की छंटाई तथा बेकार पड़े सामान को स्टोर में भिजवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निगम कार्यालय आमजन की सुविधा के केंद्र हैं, इसलिए यहां हर मूलभूत सुविधा बेहतर होनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि नगर निगम कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। पेयजल, स्वच्छता और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी।
शहरवासियों की सुविधा और निगम कार्यालयों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से दुरुस्त की जाएं।

## भजन पार्टी ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी



**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 27 अप्रैल,** सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा निर्देशानुसार और डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में गांवों में विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की भजन पार्टी ने गांव कसुम्भी में सरकार की नई जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर भी जागरूक किया।
जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं अब धरातल पर प्रभाव दिखाने लगी हैं। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना, महिला श्रमिक योजना, गर्भवती महिला सहायता राशि, महिला हैल्प लाईन 181, वन स्टाप सेंटर, महिला समृद्धि योजना, महिला अधिकारिता योजना तथा महिला किसान योजना के तहत खेती/व्यवसाय के लिए ऋण एवं सब्सिडी देने का प्रावधान है। भजन पार्टी लीडर दलबीर सिंह एंड पार्टी द्वारा प्रचार अभियान के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, निर्माण श्रमिक की बेटी के लिए स्कूटी योजना, एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास व आर्थिक सहायता आदि विभिन्न योजनाओं को लेकर लोक गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

## सादगी से मनाया भाजपा युवा नेता गौरव बेदी का जन्मदिन, भाजपा में शाहजमिल नेताओं पर दिया खुला संदेश



**शाहबाद (प्रदीप कुमार)** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र एवं भाजपा युवा नेता गौरव बेदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकताओं व विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर गौरव बेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें कार्यकताओं का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला है।
इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के सांसदों के भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी। गौरव बेदी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी दल में असहज महसूस करता है, तो उसे खुली हवा में सांस लेने का अधिकार है। भारतीय जनता पार्टी ऐसे सभी लोगों का खुले दिल से स्वागत करती है, जो अपने अधिकारों के हनन का अनुभव करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि चाहे किरण चौधरी हों या कुलदीप बिश्नोई, यदि उन्हें किसी अन्य पार्टी में अच्छा नहीं लगा तो उन्होंने अपने निर्णय के अनुसार रास्ता चुना और भाजपा ने उनका स्वागत किया।

## एसडीएम ने पिंजोखरा व गारनपूरा के किसानों की मौजूदगी में बिजली टावर के रेट के लिफाफे खोले



**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम,27 अप्रैल।** एसडीएम संदीप कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में कंपनी के अधिकारियों, किसानों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गांव गारनपूरा व पिंजोखरा में बिजली टावर लगाने वाली जगह के रेटों के लिफाफे खोले। इस दौरान प्रशासनिक, राजस्व, बिजली कंपनी के अधिकारी और किसान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि सरकार किसानों के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। यह पावर ग्रिड लाइन सिवानी से सोनीपत तक जाएगी। जिसमें तोशाम उपमंडल के 13 गांव भेरा, मिरान, दरियापुर, छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान, पिंजोखरा,डाडम,बागनवाला, तोशाम, अलखपुरा, सागबन और भूरटाना गांव के खेतों से होकर यह बिजली लाइन गुजरेगी। जबकि छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान और डाडम गांवों के रेट गत दिनों में खोले जा चुके हैं।
उन्होंने बताया कि तीन भूमि की कीमत सर्वे एजेंसियां गांव स्तर पर जमीनों के रेट तय करने के लिए इसमें एक किसानों की तरफ से, एक प्रशासन की तरफ से और एक बिजली कंपनी की तरफ से नियुक्त की गई है। तीनों के रेट बंद लिफाफे में लिए गए थे।
जमीनों के रेट के बंद लिफाफों को किसानों के साथ बैठक में ड्रा के जरिए खोलकर गांव स्तर पर रेट तय किए गए हैं। बंद लिफाफा में आए के दो लिफाफों के रेटो के बीच का रेट की धनराशि का रेट किसानों की सहमति से तय किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की सहमति से ही बिजली के टावर उनके खेतों में लगेंगे। बता दें कि एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, बिजली कंपनी के अधिकारी और किसानों के साथ संयुक्त बातचीत हुई कि थी किसानों की सहमति से मुआवजा देने उपरांत लाइन का काम शुरू किया जाएगा। जहां टावर लगेगा जमीन का तय रेट से दोगुना रेट किसानों को मिलेगा और जहां तार जाएंगे वहां पर 46 मीटर तक तय रेट से 30 प्रतिशत राशि का मुआवजा किसानों को दिया जाएगा। इसके अलावा तीन फसलों का एमएसपी रेट का मुआवजा और खेतों में बने ट्यूबेल, मकान तथा पेड़ो आदि की कीमत भी अलग से दिलवाई जाएगी।

## एसडीएम ने अतिक्रमण को लेकर विभिन्न स्थानों व बाजारों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 27 अप्रैल।**
शहर में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सोमवार को पुलिस टीम और नगरपालिका अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों व बाजारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों, गलियों और बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा बाहर रखे गए सामान पर सख्त कार्रवाई करते हुए उसे जब्त करवाया।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर सामान रखकर आम रास्तों को बाधित किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए और भविष्य में दोबारा ऐसा पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**जब्त किया**

सड़कों, गलियों और बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा बाहर रखे गए सामान पर सख्त कार्रवाई की

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकान का सामान निर्धारित सीमा के अंदर ही रखें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। शहर में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान लगातार जारी रहेगा।
इस मौके पर नगरपालिका व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने कार्रवाई में सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटवाने का कार्य किया।

## एडीसी लक्षित सरीन ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में एसडीएम राजेश खोथ, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुंदनापुर रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड के सामने बिजली के पोल से संबंधित समस्या तथा दयाल सिंह कॉलोनी निवासी अशोक कुमार द्वारा प्रस्तुत बिजली के खंभे को दुरुस्त करवाने संबंधी आवेदन पर एडीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



इसी प्रकार, सुबह 7:45 बजे चलने वाली हांसी-हाजमपुर बस सेवा का विस्तार पपोसा गांव तक करने तथा रतेरा से हांसी सुबह 7:30 बजे चलने वाली बस सेवा को निर्धारित समय पर नियमित रूप से संचालित करने के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## फरीदाबाद : निवेश का झांसा देकर 86.50 लाख रुपये की ठगी

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले एक व्यक्ति को असम से गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस द्वारा फरीदाबाद लाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-29 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर पिछले साल 30 दिसंबर को साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया था। इसमें बताया गया कि 23 नवंबर को उसके पास फेसबुक के माध्यम से एक युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई और उनकी व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई।

## एसडीएम ने लिया बाजार में आगजनी घटना का जायजा

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**टीम एक्शन इंडिया**
एसडीएम संदीप कुमार ने सोमवार को सुबह स्थानीय मुख्य बाजार की बड़ी दुकान में हुई आगजनी घटना का लिया जायजा। दुकान के मालिक व अन्य व्यापारियों से मिलकर बातचीत की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए बताया कि सरकार द्वारा हर संभव मदद दीलवाने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि गत 26-27 अप्रैल की रात को तोशाम के मुख्य बाजार में एक गोदाम में भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। इस अग्निकांड में गोदाम में रखे प्लास्टिक, थमाकोल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था। घटना की व्यापारियों से मिली विस्तृत जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल 2026 की सुबह तक आग लगने की घटना रात के लगभग 2:00 से 2:30 बजे के बीच हुई है। यह घटना तोशाम के मुख्य बाजार स्थित एक गोदाम में हुई थी। जहां गोदाम में लकड़ी, पैकेजिंग और प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली थी। इस अग्निकांड में भारी मात्रा में रोजमर्रा की जरूरत का और वहां रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को नियंत्रित किया गया। गोदाम में प्लास्टिक की उपस्थिति के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि अच्छी बात यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति या अन्य जान फंसे होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आग लगने के स्पष्ट कारणों की जांच की जा रही है।




**आगजनी**

अच्छी बात यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति या अन्य जान फंसे होने की कोई रिपोर्ट नहीं है

## जगदीश गर्ग की दुकान में आग लगने से नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करनी चाहिएः बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम-** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने मैन चौक तोशाम में प्रमुख व्यापारी जगदीश गर्ग व बजरंग गर्ग की दुकान में आग लगने से लगभग 1.30 करोड़ रुपए का नुकसान होने पर गंभीर चिंता प्रकट की और तोशाम में फायर बिग्रेड की गाड़ी ना होना बड़ा गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को तुरंत प्रभाव से मार्केट कमेटी के अधीन तोशाम में दो फायर ब्रिगेड गाड़ी लगानी चाहिए। बजरंग गर्ग ने मौके पर एसडीएम व तहसीलदार को बुलाकर जल्द पीड़ित व्यापारी को मुआवजा सरकार से दिलवाने को कहा।
बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार को प्रमुख व्यापारी की दुकान में आग लगने से जो 1.30 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करनी चाहिए। व्यापारी के पास अपने? परिवार का पालन पोषण करने के लिए दुकान ही कमाई का एकमात्र साधन है। दुकान में आग लगने से सारा सामान, फर्नीचर जलकर राख हो गया व बिल्डिंग का भी भारी नुकसान हुआ है, जिसको तैयार करने में काफी समय व पैसा लगता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को व्यापारी की दुकान में आग लगने व कोई भी अप्रिय घटना होने पर तुरंत मुआवजा देना चाहिए ताकि व्यापारी पूर्ण खड़ा होकर अपना व्यापार करके अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। देश व प्रदेश का व्यापारी सरकार को 70 प्रतिशत राजस्व टैक्स के रूप में दे रहा है इसके साथ-साथ व्यापार व उद्योग के माध्यम से लाखों बेरोजगारों को रोजगार दे रहा है और देश व प्रदेश के विकास व तरक्की में सबसे अहम भूमिका व्यापारी व उद्योगपतियों की है। उसके बावजूद भी सरकार व्यापारी व उद्योगों की समस्या को हल करने की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण देश व प्रदेश का व्यापारी व उद्योगपतियों में भारी नाराजगी है। सरकार को किसी भी व्यापारी की दुकान में आग लगने पर पूरा मुआवजा राशि देने का कानून बनना चाहिए। सरकार छोटे व मध्यम व्यापारियों को व्यापार करने के लिए 20 लाख रुपए तक बिना ब्याज लोन राशि देनी चाहिए और सरकार को बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने की जरूरत है ताकि देश व प्रदेश में बेरोजगारी कम हो सकें इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान जोगेंद्र मलिक, जगदीश गर्ग, बजरंग पंसारी, सचिव युधिष्ठिर शर्मा, सहसचिव राजेश गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सहसचिव निरंजन गोयल,अमित अग्रवाल, राहुल, साधुराम पटौदी, अग्रवाल सभा प्रधान खजांची मित्तल, पंकज वालकीय, राजेश गुप्ता, इंद्रसेन घड़ीवाले, संजय मंढालीय, पवन गोयल, संजय बुडाकिया, देव मास्टर, महेंद्र बर्तन वाले, सुरेंद्र गोयल आदि प्रतिनिधियों भारी संख्या में मौजूद रहे।




**मांग**

तोशाम में फायर बिग्रेड की गाड़ी ना होना बड़ा गंभीर चिंता का विषय है : बजरंग गर्ग

## विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए पंच धूनी अग्नि तपस्या का भव्य शुभारंभ

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**
27 अप्रैल से पंच धूनी अग्नि तपस्या का भव्य और आध्यात्मिक शुभारंभ हुआ, जिसमें महंत श्री राजेंद्र पुरी जी महाराज द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ इस विशेष तपस्या की शुरूआत की गई। तपस्या प्रारंभ करने से पूर्व महंत जी ने शंख बजाकर अपने आराध्य देव का आह्वान किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिसके पश्चात वे पंच धूनी अग्नि तपस्या में बैठे। यह तपस्या मानव कल्याण, समाज की सुख-समृद्धि तथा विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। जानकारी के अनुसार यह पावन अनुष्ठान 27 अप्रैल से लेकर 7 जून तक प्रतिदिन लगातार आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर आस्था व्यक्त करेंगे। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर तपस्या स्थल की परिक्रमा की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे परिसर में मंत्रोच्चारण, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है तथा लोग इसे अपने जीवन में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत मान रहे हैं।

# खाद-बीज विक्रेताओं की सांकेतिक हड़ताल में दुकानें रखी बंद, विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध

**हड़ताल**

**-- ब्लॉक प्रधान के नेतृत्व में सभी दुकानदारों ने दोपहर 2 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखीं**



**गन्नौर** ब्लॉक के खाद-बीज एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। ब्लॉक प्रधान धर्मवीर छिक्कारा के नेतृत्व में आयोजित इस हड़ताल के दौरान सभी दुकानदारों ने दोपहर 2 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखीं और सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें रखीं। हड़ताल के दौरान विक्रेताओं ने कृषि से जुड़े नियमों में संशोधन की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि खाद-बीज के सैंपल फेल होने की स्थिति में दुकानदारों को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि उत्पाद कंपनी से सीलबंद स्थिति में आता है। ऐसे में इसकी जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए, न कि विक्रेता की। प्रधान धर्मवीर छिक्कारा ने कहा कि कई बार होलसेलर द्वारा खाद के साथ अन्य सामान भी जोड़ दिया जाता है, जिससे दुकानदारों पर अतिरिक्त दबाव बनता है। उन्होंने मांग की कि इस प्रकार की अनिवार्यता समाप्त की जाए, ताकि किसान को उसकी जरूरत के अनुसार ही सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा विक्रेताओं ने अपने कमीशन में बढ़ोतरी की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता, जिससे व्यवसाय प्रभावित होता है। हड़ताल में उपप्रधान सुनील घनखड़, खजांची राजू चौधरी, नरेंद्र लाकड़ा, सुरेश पाल, कृष्ण छिक्कारा, संदीप छिक्कारा, विक्की, पंकज त्यागी, कुलदीप खत्री और टीकू गोस्वामी सहित कई विक्रेता मौजूद रहे।

# गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर का ढक्कन टूटने से हादसे की आशंका,विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**मांग**

**स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर का ढक्कन टूटने से क्षेत्र में हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर स्थित सीवर का ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है। सीवर निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण ढक्कन बार-बार टूट जाते हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।



अस्थायी रूप से मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर से जस की तस हो जाती है। लोगों ने बताया कि यह मार्ग काफी व्यस्त है और इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं।

ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, जब अंधेरे के कारण टूटे ढक्कन का पता लगाना मुश्किल होता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### खंड शिक्षा अधिकारी ने खूबडू प्राइमरी स्कूल का किया औचक निरीक्षण, स्कूल हेड भूपेंद्र का एक दिन का वेतन रोकने की गई सिफारिश



**गन्नौर** । शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत घनगस ने गांव खूबडू स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शनिवार को करीब 11 बजे स्कूल पहुंचे, लेकिन उस समय तक न तो बच्चों की हाजिरी दर्ज की गई थी और न ही मिड डे मील से संबंधित कोई रिकॉर्ड अद्यतन पाया गया। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि स्कूल रजिस्टरों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा था, जबकि विभाग द्वारा समय-समय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। बीईओ ने बताया कि मौके पर मौजूद स्टाफ को कड़ी हिदायत दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षण कार्य की भी समीक्षा की गई। कुछ कमरों में अव्यवस्था और शिक्षण सामग्री के समुचित उपयोग का अभाव भी पाया गया। गंभीर लापरवाही को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल हेड का एक दिन का वेतन काटने की सिफारिश उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके लिए स्कूल प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी।

### सर्विस लाइन पर ट्रक पलटने का जिम्मेदारों को 15 घंटे बाद भी नहीं लगा पता, वाहन चालक हुए परेशान



**गन्नौर।** जी टी रोड पानीपत दिल्ली लाइन पर बड़ी गांव के पास सर्विस लाइन पर बीती रात सामान से बड़ा ट्रक पलटने के कारण सर्विस लाइन देर रात से सोमवार को दिन में करीब 5 बजे तक पूरी तरह से बंद रही। रानी की बात है कि जिम्मेदारों को किस घटना का पता नहीं लगा और सर्विस लाइन बंद होने के कारण आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्विस लाइन से जाने वाले लोग वापस आकर फ्लाईओवर पर चढ़कर अपने गंतव्य की तरफ रवाना हुए। ट्रक के बीती रात से पलटने के कारण वाहन चालक इस बात से हैरान है कि अब तक सर्विस लाइन बंद है और ट्रक को साइड में भी नहीं करवाया गया है। वाहन चालक सुरेश सतबीर महेंद्र ने बताया कि बड़ी गांव के साथ में सर्विस लाइन पर ट्रक किस तरह से पलटा हुआ था कि दो पहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहा था जिस कारण वाहन चालकों को वापस मुड़ना पड़ा। वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए अन्यथा कोई भी हादसा हो सकता है।

पता नहीं लगा अभी क्रेन भिजवाकर पलटे हुए ट्रक को साइड में करवाते हैं : संबंधित ट्रैफिक एसएचओ

--- इस बारे में मुरथल टोल प्लाजा के अधीन तैनात ट्रैफिक इंचार्ज लाल सिंह ने बताया कि सर्विस लाइन पर ट्रक पलटने का उन्हें पता नहीं चला वे अभी क्रेन भिजवाकर ट्रक को साइड में लगवाते हैं ताकि वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े ।

### गांव खैरेकां में ई-रिक्शा चालक से हुई लूट की वारदात चंद घंटों में सुलझी,चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**सिरसा(शुभम.खटक)**.गांव खैरेकां में ई-रिक्शा चालक से हुई लूट की वारदात को जिला की सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों में सुलझा लिया है। थाना सदर सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर इस मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# बिजली संकट पर किसानों का धरना, आश्वासन मिलने के बाद हटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव उदेशीपुर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों और ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बाधित रहने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के नेता वीरेंद्र पहल ने बताया कि पिछले दिन से बिजली बंद होने के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है और आमजन के साथ पशुधन भी प्रभावित हो रहा है। धरने में शामिल किसानों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच दिनभर खेतों में काम करने के बाद रात को बिजली न होने से परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के



दौरान किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या की गंभीरता से अवगत कराया और चेतावनी दी कि यदि दो घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों के कार्यालय के बाहर भी विरोध तेज करेंगे।

किसान वीरेंद्र ने बताया कि स्थिति की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को तुरंत समस्या के समाधान के निर्देश दिए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

धरने में भारतीय किसान यूनियन के नेता वीरेंद्र पहल, बिजेंद्र मलिक, राजेंद्र सरोहा, सुरेंद्र राठी, भूपेंद्र मलिक, होकमचंद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा

**गन्नौर:** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्र की विभिन्न गोशाला कमेटियों ने एसडीएम प्रवेश कादियान के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और इसे समाप्त करने की मांग की गई, ताकि गोमाता पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सके। श्री गोशाला गन्नौर के प्रधान कृष्ण राठी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से गोमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्य, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित दर्जा देने की मांग उठाई। साथ ही गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने और केंद्र स्तर पर गो सेवा मंत्रालय बनाने की बात कही गई, जिससे पूरे भारत में समान रूप से गो सेवा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान गोशाला संचालकों ने अपनी आर्थिक परेशानियां भी सामने रखीं। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर गोशाला गढ़ी के प्रधान सतपाल शर्मा व 108 मोहनदास गोशाला से धर्मबीर नंबरदार ने बताया कि वर्ष 2025 में सरकार की ओर से केवल तीन महीने ही सहायता राशि के चेक मिले हैं, जिसके चलते गोशालाएं आर्थिक संकट से जूझ रही हैं

# वार्ड-3 में रितु गोयल का जनसंपर्क तेज, विकास के दम पर मांग रहीं समर्थन

**पंचकूला मैनपाल**
पंचकूला। नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर-3 में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आजाद उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरी रितु गोयल ने अपने जनसंपर्क अभियान को गति देते हुए सेक्टर-7 और सेक्टर-8 में लगातार बैठकें शुरू कर दी हैं। इन बैठकों में उन्हें स्थानीय लोगों का अच्छा समर्थन और सकारात्मक रुझान मिल रहा है। रितु गोयल अपने प्रचार के दौरान लोगों को अपने पिछले कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी भी दे रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार का वार्ड के विकास में लंबा योगदान रहा है। उनके ससुर सीबी गोयल और सास चंद्रकांता गोयल ने भी अपने पार्षद कार्यकाल में कई अहम विकास कार्य करवाए, जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदली।

रितु गोयल ने कहा कि वह हमेशा वार्डवासियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करती रही हैं। उन्होंने दावा किया कि विकास कार्यों के आधार पर ही लोगों ने उन्हें चार बार अपना आशीर्वाद दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने लगातार अधिकारियों से संपर्क बनाकर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया है। इस बार रितु गोयल ने सेक्टर-7 के साथ-साथ सेक्टर-8 को भी आदर्श सेक्टर बनाने का लक्ष्य रखा है।

# सूरज हत्याकांड में एनकांउटर, आरोपी की टांग में लगी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिले के गांव गोंदर में हुए सूरज हत्याकांड में तीसरे आरोपी और सीआईए-2 टीम के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी की टांग में गोली लगी। जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यह घटना घरौंडा एरिया के फुरलक-उपली रोड पर हुई। घटना के बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। इस बीच एनकाउंटर की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।



वहीं आरोपी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। फिट होने के बाद गोंविद को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा।

रात को एनकाउंटर से पहले ही समाज के लोगों को आशंका थी कि एनकाउंटर हो सकता है, जिसके बाद ही एससी समाज करनाल के अंबेडकर चौक पर एकत्रित हो गया। उसके बाद मुठभेड़ की सूचना आग की तरह पूरे करनाल में फैल गई। व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मैसेज वायरल होने लगे। इसके बाद एससी समाज के लोग सरकारी अस्पताल में पहुंच गए, जहां पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

समाज के लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले ही आशंका जताई थी कि गोविंद का एनकाउंटर हो सकता है। मामले में यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई है कि आरोपी गोविंद ने खुद सरेंडर किया था या पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

# पीएनबी द्वारा आयोजित किया गया एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय करनाल द्वारा मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन एचसीसीआई भवन में किया गया, जिसमें उद्यमियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संजीव चावला, आरएल शर्मा, विजय कुमार, उप महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमएसएमई ग्राहकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा बैंक की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं एवं डिजिटल ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# महापौर ने किया जनसंवाद, समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

**निर्देश**

**मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम में आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और इनके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे



नागरिकों ने पानी, सफाई, सीवरेज, सडक एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और एकाग्रता के साथ हर वर्ग की समस्याओं को सुना जा रहा है ताकि उचित समय में इनका यथासंभव समाधान करवाया जा सके।महापौर ने प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का शीघ्रए प्रभावी और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार.बार चक्कर न काटने पड़ें, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। महापौर ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की मॉनिटरिंग की जाए और तय समय सीमा के भीतर उसका समाधान जमीन पर दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर के हर नागरिक को बेहतर और सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# वाहन चोरी में दो आरोपी काबू, दो ई-रिक्शा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा करनाल**। जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से दो चोरीशुदा ई रिक्शा बरामद की गई हैं।

यह कार्रवाई एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज उप निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में तथा सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा की गई। टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जोगिंदर पुत्र कृष्ण लाल निवासी आर्यनगर जिला सोनीपत व विजय कुमार पुत्र विनोद कुमार सिक्का कॉलोनी जिला सोनीपत को बजिदा रोड करनाल से चोरीशुदा ई रिक्शा सहित काबू किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन करनाल में पहले से मुकदमा दर्ज है। आरोपियों ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। टीम द्वारा मामले में दोनों आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# गेहूं की फांस में आग लगने से भोगीपुर पावर हाउस की केवल जलने से बिजली आपूर्ति बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। गांव राजलू गढ़ी में लगी गेहूं की फांस में आग लगने के कारण भोगीपुर पावर हाउस की 144 के वी की बिजली आपूर्ति लाइन प्रभावित होने के कारण पावर हाउस की रविवार को की शाम करीब 6 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। बिजली आपूर्ति बंद होने का कारण बादशाही रोड पर बने रेलवे अंडरपास के पास रेलवे लाइन क्रॉसिंग के लिए दबाई गई एक्सएलपीई केवल में आग लगने से डबल शर्किट हो गया और करीब 6 बड़ी केवल जल गई। सूचना मिलने के बाद सोमवार की सुबह मोके पर बिजली विभाग के एसई ,एक्शन प्रवीण गर्ग,



एसडीओ अभिषेक, जे ई विकास शर्मा के अलावा विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर केवल बदलने का काम शुरू करवाया। पावर हाउस की सप्लाई बंद होने के बाद बीती रात को भोगपुर पावर हाउस से संबंधित गांव राजलू गढ़ी, पांची जाटान, उद्देशीपुर , अगवानपुर गांव की बिजली आपूर्ति को आसपास के पावर हाउस से जोड़कर बीती रात को करीब एक से दो घंटे के बीच बिजली आपूर्ति दी गई और सोमवार को भी दिन में बिजली से संबंधित जरूरी काम निपटाने के लिए बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रात के समय लोगों के इनवर्टर बंद होने के कारण बिजली का इंतजार करते रहे। लोगों ने बताया कि पूरी रात में एक से डेढ़ घंटे के बीच में बिजली आपूर्ति हुई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि कंटेनर डिपो वाली रेलवे क्रॉसिंग लाइन के लिए दबाई गई बड़ी केवल व दिल्ली पानीपत रेलवे लाइन क्रॉसिंग के लिए दबाई गई बड़ी केवल की सुरक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था करवाई जाए ताकि बिजली विभाग को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि गेहूं के सीजन में हर साल आग लगने का भय रहता है जिससे नुकसान पहुंचता है।

शाम तक केवल बदलकर कर दी जाएगी भोगपुर पावर हाउस की सप्लाई शुरू : एस डी ओ

-- बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ अभिषेक ने बताया कि सोमवार की शाम तक जली हुई केवल को बदलकर भोगीपुर पावर हाउस की सप्लाई पूरी तरह से चालू कर दी जाएगी। रविवार की शाम को सूचना मिलने के बाद रात को संबंधित गांव में दो-दो घंटे और दिन के समय भी कई कई घंटे बिजली संबंधित काम पूरा करने के लिए सप्लाई दी गई। विभाग द्वारा उसकी व्यवस्था आसपास के पावर हाउस से बिजली आपूर्ति जोड़कर की गई ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग का प्रयास है कि लोगों को केवल जलने से दिक्कत ना आए ।

बिजली विभाग ने की अतिरिक्त व्यवस्था

-- शाम तक केवल बदलकर कर दी जाएगी भोगपुर पावर हाउस की सप्लाई शुरू : एस डी ओ

# लांबा में करवाए जा रहे टूर्नामेंट में विधायक जरनैल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
रतिया, 27अप्रैल : क्षेत्र के गांव लांबा में दशमेश क्रिकेट क्लब द्वारा करवाए जा रहे पहले, शानदार क्रिकेट टूनार्मेंट, का आज हुआ, इस टूनार्मेंट में हरियाणा व पंजाब की कई टीमें भाग ले रही हैं। टूनार्मेंट को लेकर ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग मैदान में में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रतिया के विधायक सरदार जरनैल सिंह पहुंचे, जहां क्लब पदाधिकारियों



ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अपने संबोधन में विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को खेलों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि खेल शरीर को स्वस्थ रखते हैं और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते हैं।इस अवसर पर विधायक ने टूनार्मेंट के लिए 21,000 रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

# नरेला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व समाज एकता का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला की ब्राह्मण समाज कल्याण समिति द्वारा  स्वतंत्र नगर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया, जिससे सामाजिक एकता का संदेश मजबूत हुआ। खास मौके पर समाजसेवी हर्ष भारद्वाज ने कहा कि इस बार का जन्मोत्सव सिर्फ ब्राह्मणों को एकत्र करने तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि हम पूरे हिंदू समाज को कैसे एकजुट करें। इसी विषय पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खुलकर चर्चा की और सामाजिक समरसता पर जोर दिया।







**गणमान्य वक्ताओं ने रखी बात**

कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सभा को संबोधित करते हुए अपनी अपनी बात रखी। इस दौरान स्टैंडिंग कमेटी के पूर्व चेयरमैन मोहन प्रसाद भारद्वाज, निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, समाजसेवी रवीश भारद्वाज, हर्ष भारद्वाज और लोकेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। सभी ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों और समाज सेवा के महत्व पर अपने विचार रखे।

**दिनेश भारद्वाज ने किया बड़ा ऐलानः**

कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने ब्राह्मण धर्मशाला के लिए 5 एयर कंडीशनर देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अगली बार से इस कार्यक्रम को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सकें और सामाजिक एकता का संदेश फैले।

**उत्साह से भरी भीड़ ने परशुराम के नारे लगाए**

जन्मोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम जी के आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम में आए लोगों ने ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के इस पहल की सराहना की और इसे समाज को जोड़ने वाला कदम बताया।

**युवाओं की भागीदारी जरूरी**

इस दौरान रवीश भारद्वाज ने कहा कि अगर युवा आगे नहीं आएंगे तो हमारा भारत और हमारा समाज ढीला पड़ जाएगा। एक समय था जब हम अकेले चलते थे, लेकिन अब हमें सर्व समाज को एक साथ लेकर चलना पड़ेगा। उन्होंने बुजुर्गों से अपील की कि वे अपने अनुभव युवाओं को सौंपें और उन्हें नेतृत्व का मौका दें।

**परशुराम जी का संदेश - सर्व समाज के लिए फरसाः**

हर्ष भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम जी ने फरसा सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए उठाया था। वे अन्याय के खिलाफ और धर्म की रक्षा के लिए खड़े हुए थे।

इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए हर्ष

# नारी शक्ति वंदन बिल पर विपक्ष के  खिलाफ भाजपा का मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः**  पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके में भाजपा आनंद विहार मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में रविवार को नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर विपक्ष के रुख के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने मार्च निकाला। लोकसभा में विपक्ष द्वारा बिल के खिलाफ वोटिंग किए जाने से नाराज कार्यकताओं ने इस विरोध मार्च के जरिए अपना आक्रोश जताया। मार्च के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष गुंजन गुप्ता, दिल्ली नगर निगम में उपमहापौर पद की प्रत्याशी व पार्षद मोनिका पंत, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. रिंकी कंसल, महामंत्री दीप्ति अग्रवाल और गीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल रहीं। कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि देश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। नारी शक्ति वंदन बिल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा इस बिल का विरोध करना महिलाओं के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है और यह बिल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन देश के विपक्ष ने महिलाओं से उनके अधिकारे से वंचित किया है, जिसकी खामियाजा उन्हें चुनावों में भुगतना पड़ेगा।




मार्च के दौरान कार्यकताओं ने लोगों को बिल के महत्व के बारे में जागरूक भी किया। यह विरोध मार्च क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# भीषण गर्मी से आज राहत के आसार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः**  दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ आंधी-बारिश की संभावना है। मंगलवार से मौसम का रुख बदलने के आसार हैं। दिल्ली सोमवार को भीषण गर्मी की चपेट में रही, जहां अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हीटवेव का येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा कि इस सप्ताह के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ आंधी-बारिश की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। हवाओं की रफ्तार 40 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।



अनुमान है कि 15 से 45 मिनट तक तेज बारिश होगी और कुछ क्षेत्रों में तूफान गुजरने के बाद 2-3 घंटे तक बूंदाबांदी जारी रह सकती है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। साथ ही बुधवार को भी आसमान बादलों से घिरा रहेगा और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। हवाओं की गति 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और झोंकों में 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। आईएमडी ने बताया कि  गुरुवार को भी मौसम का नरम रुख देखने को मिलेगा। आसमान बादलों से घिरा रहेगा और शाम को गरज-चमक के साथ मौसम बदल सकता है। इस दिन अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है।

# डॉ. निखिल टंडन एम्स के अंतरिम निदेशक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एंडोक्रिनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज्म विभाग के प्रमुख डॉ. निखिल टंडन को संस्थान का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया गया। यह पद एम श्रीनिवास के नीति आयोग में सदस्य बनने के बाद खाली हुआ था। डॉ. निखिल एम्स के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से संभालेंगे। वे इस पद पर अगले छह माह तक या नियमित नियुक्ति होने तक कार्य करेंगे।

डॉ. निखिल टंडन पहले से ही एम्स के एंडोक्रिनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज्म विभाग के प्रमुख हैं। इसके साथ वे डीन (एकेडमिक्स) भी हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2026 में पुनर्गठित नीति आयोग में अध्यक्ष (प्रधानमंत्री) ने नए सदस्यों की नियुक्ति की है, जिसमें डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। पांच नए पूर्णकालिक सदस्यों में राजीव गौबा, प्रो. के. वी. राजू, एम. श्रीनिवास, अभय करंदीकर और गोबर्धन दास शामिल हैं, जो स्वास्थ्य, विज्ञान और कृषि क्षेत्रों से हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल लिव-इन में रहने के बाद यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने पर सवाल उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने 15 साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला की ओर से यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने पर सवाल उठाया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि 15 साल साथ रहे, बच्चा भी है, अब यौन उत्पीड़न का आरोप क्यों लगा रही हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता महिला से कहा कि जब कोई रिश्ता आपसी सहमति से बना हो तो उसमें अपराध का सवाल कहां उठता है। महिला ने



मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया गया था। महिला ने लिव-इन पार्टनर के खिलाफ शादी का झूठा वादा कर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। कोर्ट ने कहा कि दोनों 15 साल तक साथ रहे, महिला का उस पुरुष से एक बच्चा भी है, लेकिन उनकी शादी नहीं हुई। इतने सालों के लिव-इन रिलेशनशिप के बाद यौन उत्पीड़न का आरोप कैसे लगा रही हैं। महिला की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरोपित ने शादी करने का वादा किया था और उसका यौन शोषण किया था। तब कोर्ट ने पूछा कि शादी के पहले ही वो उस पुरुष के साथ जाकर क्यों रहने लगी।

# तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दो दोस्तों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः**  बाहरी-उत्तरी दिल्ली के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बाइक तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर फिसल गई और दोनों युवक फ्लाईओवर की साइड वॉल से जा टकराए। दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जांच में मृतकों की पहचान सैफ अली (20) और मोहम्मद शाहिद (19) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक बवाना से बुराड़ी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मुकुंदपुर फ्लाईओवर के लूप स्थित तीखे मोड़ पर पहुंचे, बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन फिसल गया। इसके बाद दोनों युवक फ्लाईओवर की साइड वॉल से टकरा गए।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि बाइक पर तीन युवक सवार थे और एक युवक फ्लाईओवर के नीचे नाले में गिर गया है। सूचना पर पुलिस और बचाव दल ने नाले में देर रात तक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पुलिस अधिकारी के अनुसार बाद में जांच में स्पष्ट हुआ कि तीसरा युवक समीर हादसे के समय बाइक पर मौजूद ही नहीं था। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि रविवार शाम सैफ, शाहिद और समीर एक ही बाइक पर बवाना से निकले थे। शाम करीब 7:30 बजे समीर बवाना इलाके में ही बाइक से उतर गया था। इसके बाद सैफ और शाहिद अकेले बुराड़ी के लिए रवाना हुए थे। पुलिस ने सोमवार को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए। भलस्वा डेयरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और चश्मदीदों के बयान दर्ज किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के वक्त बाइक की रफ्तार काफी तेज थी।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद शाहिद परिवार का इकलौता बेटा था। परिजनों के अनुसार वह बुराड़ी में अपनी मौसी शब्बू के पास रहता था। उसकी मां रूबी को आशंका थी कि बवाना में रहने पर वह गलत संगत में पड़ सकता है, इसलिए उसे मौसी के पास भेजा गया था।

शाहिद मोटर मैकेनिक का काम सीख रहा था। वहीं सैफ अली संगम विहार निवासी था। उसके पिता इदरीश का कारोबार है और सैफ भी उनके साथ कारोबार संभालने की तैयारी कर रहा था। बताया गया कि दो साल पहले पिता ने जन्मदिन पर उसे बाइक उपहार में दी थी। दोनों युवकों की मौत से परिवारों में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डकैती के मामले में फरार आरोपित नौ साल बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2017 में हुई 52.5 लाख रुपये की डकैती के मामले में नौ साल से फरार चल रहे भगोड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी पहचान के साथ रह रहा था और खुद को ह्राशिद खानह्व बताकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पकड़े गए आरोपित की पहचान राजेश दावर उर्फ राजीव उर्फ राशिद खान (55) के रूप में हुई है। वह उत्तम नगर का रहने वाला है। वह मालवीय नगर थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 259/2017 में वांछित था और अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि मई 2017 में प्रॉपर्टी डीलर राजेश कुमार की मुलाकात पुनिया नामक व्यक्ति से हुई थी। आरोपित ने उन्हें पंचशील विहार में एक कॉर्नर प्लॉट बेचने का झांसा दिया और कहा कि मालिक दस्तावेज दिखाने से पहले 50 लाख रुपये टोकन मनी चाहता है। इसके बाद 10 जुलाई 2017 को शिकायतकर्ता अपने साथियों के साथ 52.5 लाख रुपये लेकर बताए गए स्थान पर पहुंचे। वहां उन्हें पास के एक दफ्तर में ले जाया गया, जहां 7-8 लोग खुद को पुलिसकर्मी बताकर पहुंचे। आरोपितों ने हथियारों के बल पर शिकायतकर्ता और उसके साथियों से मारपीट की, मोबाइल और कार की चाबियां छीन लीं तथा कार में रखे 52.5 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद आरोपितों ने पीड़ितों को सेलेक्ट सिटी मॉल के पास छोड़कर फरार हो गए थे।

मामले में मालवीय नगर थाना पुलिस ने डकैती, आपराधिक साजिश और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन राजेश दावर लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार हाल ही में क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम को सूचना मिली कि वांछित आरोपित जहांगीरपुरी इलाके में छिपा हुआ है। तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से टीम ने 26 अप्रैल को जहांगीरपुरी से उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपित ने खुद को राशिद खान बताया और दावा किया कि वह आंशिक रूप से लकवाग्रस्त है। उसने इलाज के कुछ दस्तावेज भी इसी नाम से दिखाए, लेकिन पूछताछ में उसकी पोल खुल गई। बाद में उसने अपनी असली पहचान कबूल कर ली और आधार कार्ड व पैन कार्ड भी पुलिस को सौंप दिए। पुलिस के अनुसार आरोपित बीए पास है और 2015 में अपराधियों के संपर्क में आने के बाद नशे की लत का शिकार हो गया था। इसके बाद वह आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

**पैरवी नहीं करेंगे**

अपने केस की कार्यवाही में न तो स्वयं पेश होंगे और न ही उनकी तरफ से कोई वकील पैरवी करेगा

# गाने को लेकर एनसीडब्ल्यू के सामने हुए पेश संजय दत्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः**  "सरके चुनर तेरी सरके" गीत को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सामने अभिनेता संजय दत्त पेश हुए। उन्होंने लिखित में माफी मांगी और महिला सशक्तिकरण में सकारात्मक योगदान का संकल्प लिया। इस मामले में सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। आयोग ने जानकारी दी कि संजय दत्त ने आयोग के सामने बिना शर्त लिखित माफी पेशी की। संजय दत्त ने अपने माफीनामा में लिखा कि समाज को अनजाने में पहुंची किसी भी ठेस के लिए उन्हें खेद है और वे



रचनात्मक कार्यों में महिलाओं के सम्मानजनक चित्रण के महत्व को स्वीकार करते हैं।

सुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पूछा कि क्या इस तरह की सामग्री में काम करने से पहले पर्याप्त सावधानी बरती गई थी? उन्होंने कहा कि वरिष्ठ और प्रभावशाली कलाकारों को अपने काम में सामाजिक और कानूनी मयार्दाओं का ध्यान रखना चाहिए। विजया रहाटकर ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन उसे जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और महिलाओं की गरिमा के सम्मान के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आयोग ने बताया कि सुधारात्मक कदम के रूप में संजय दत्त ने 50 आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा का खर्च उठाने का संकल्प लिया, ताकि महिला सशक्तिकरण में सकारात्मक योगदान दिया जा सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में उनके सभी आर्टिस्ट एग्रीमेंट्स में कानूनी जांच अनिवार्य होगी, ताकि फिल्मों और अन्य प्रोजेक्ट्स में महिलाओं और बच्चों का सम्मानजनक चित्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत दिल्लीवासी करेंगे सोमनाथ यात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए ह्लसोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्राह्व कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत 30 अप्रैल को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सोमनाथ धाम के लिए करीब 1300 श्रद्धालु रवाना होंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार यहां के निवासियों के लिए ह्लसोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्राह्व का आयोजन कर रही है। यह पावन पहल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 वर्षों की अखंड आस्था को समर्पित है।

# भीषण गर्मी को लेकर दिल्ली सरकार ने एक सप्ताह के भीतर कार्य योजना लागू करने का दिया निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः**  दिल्ली में बढ़ते तापमान और आगामी भीषण लू की संभावनाओं को देखते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भीषण गर्मी से निपटने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को अगले एक सप्ताह के भीतर जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।



ज़िला मजिस्ट्रेटों से कहा गया है कि वे इसके क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएं और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के कड़े उपायों का इतंजाम किया जाए। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके अलावा अत्यधिक गर्मी की स्थितियों में शहर के पक्षियों तथा जानवरों की देखभाल के महत्व पर भी जोर देने और प्रगति की बारीकी से निगरानी करने का आदेश दिया गया।

# शहीद हुए दमकलकर्मियों के परिवारों को मुआवजा दे सरकारः पिरथी

**मांग**

**भूख हड़ताल पर बैठने वालों में नगरपालिका से मोनू, अग्निशमन से पिरथी राम और गुरदीप शामिल**




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** हरियाणा सरकार द्वारा अग्निशमन कर्मचारियों की मांगे पूरी न करने पर अग्निशमन कर्मचारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। इसके साथ ही नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी संघ द्वारा घोषित प्रदेशव्यापी हड़ताल 20वें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल की अध्यक्षता कर्मचारी नेता पिरथी राम ने की और मंच का संचालन गुरदीप ने किया। पहले दिन क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने वालों में नगरपालिका से मोनू, अग्निशमन से पिरथी राम और गुरदीप शामिल रहे। इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिरथी राम ने बताया कि अब तक 103 दमकल केन्द्रों के फायर कर्मचारी प्रदेश के लगभग 85 विधायकों को ज्ञापन देकर अपनी मांगों का समाधान एवं आगजनी में मारे गए फायर कर्मियों को न्याय दिलाने की मांग कर चुके हैं। अब कर्मचारी नई रणनीति के तहत 27 अप्रैल से सुबह 9 से शाम 5 बजे तक क्रमिक भूख हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के इस बयान कि अग्निशमन विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल जमीनी हकीकत से पूरी तरह से परे है बल्कि अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों पर कुल 3158 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 2208 कर्मियों में से कुल 568 कर्मचारी ही ड्यूटी पर हैं, जबकि 1648 दमकल कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ऐसे में जब भीषण गर्मी के मौसम में हर जिले में प्रतिदिन 30 से 40 आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं और आमजन को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, तब विभाग के सुचारू रूप से चलने का दावा वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज करने वाला है। उन्होंने कहाा कि इसके अलावा मंत्री द्वारा फरीदाबाद में शहीद हुए दमकल कर्मचारियों के परिवारों को उचित मुआवजा देने का बयान भी भेदभावपूर्ण प्रतीत होता है, क्योंकि इसी अग्निकांड और सूरजकुंड मेले में शहीद हुए पुलिस कर्मचारियों को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी का लाभ दिया गया, तो फिर दमकल कर्मचारियों के साथ यह भेदभाव और अन्याय क्यों किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्री के अगर कोई दिक्कत आती है, तो ठोस कदम उठाए जाएंगे, वाले बयान की भी कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश स्तरीय यूनियन नेताओं ने कहा है कि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करने के बजाय मंत्री अब हड़ताली कर्मचारियों को धमकी देने पर उतर आए हैं और उन्हें उकसा रहे हैं। उन्होंने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं और जब तक उनकी न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक वे एक कदम भी पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज कुछ गोदी मानसिकता वाले दलाल संगठन कर्मचारियों के नाम पर राजनीति करते हुए फूल-मालाएं डालकर उत्सव मना रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि प्रदेश का कच्चा कर्मचारी लंबे समय से अपने हकों के लिए दर-दर भटक रहा है और प्रदेश का मजदूर वर्ग काम के घंटों व न्यूनतम वेतनमान के लिए सड़कों पर लाठियां खाकर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में यह दिखावटी उत्सव कर्मचारियों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। इस अवसर चिंतो देवी, पालो, पिंकी, संतोष, शंकर व धन्नाराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।
27सीएचके03ः क्रमिक

## केयूके स्पार्टन ने 5 विकेट से जीता मैच, पंकज जांगड़ा बने मैन ऑफ द मैच



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता अनौपचारिक मैचों केयूके स्पार्टन टीम ने रोमांचक मुकाबले में शिव योद्धा टीम को हराकर 5 विकेट से मैच अपने नाम किया। टॉस जीतकर शिव योद्धा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 126 रन बनाए जिसमें ओपनर बल्लेबाज रवि चौहान ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं स्पार्टन की ओर घातक गेंदबाजी करते हुए रामेश्वर दास ने 4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके साथ ही पंकज जांगड़ा ने 3 व विनोद कुमार ने 1 विकेट हासिल किया।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्पार्टन टीम के पावर प्ले में दो विकेट जल्दी गिर गए। वहीं पारी को संभालते हुए शिव शर्मा ने 23 गेंदों में 3 चौके व 1 छक्का लगाकर 28 रन तथा दीपक नेगी ने 13 गेंदों में 4 चौके लगाकर 24 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच में पंकज जांगड़ा को अच्छी गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

**न्यूज फ्लैश**

## एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने पकड़ी 50 ग्राम हेरोइन के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निदेर्शानुसार जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गत दिनों पकड़ी 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर तेजली के पास से आरोपी दुर्गा गार्डन निवासी प्रयाग वर्मा पुत्र हरीश कुमार को 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह यह नशीले पदार्थ जिला सहारनपुर के गांव चोरी निवासी रोहित उर्फ कालू पुत्र नेकी राम से खरीदा था। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित को भी गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सेवाभावी जीवन परम धर्म विषय पर सत्यार्थ संवाद आयोजित

**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** समाज व राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा जन्म और मृत्यु सत्य, सेवाभावी जीवन परम कर्म धर्म विषय पर दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन चेयरमैन डॉ. सौरभ आर्य ने किया, जबकि अध्यक्षता इंटरनेशनल वैदिक स्कॉलर सुशील भाटिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार किशोर शर्मा सेडाई ने जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन एक यात्रा है और इसके मूल्यों को समझना जरूरी है। वैदिक विद्वान मोतीलाल आर्य ने कहा कि जन्म और मृत्यु सत्य है, लेकिन समाज के लिए प्रेरणादायक जीवन जीना अधिक महत्वपूर्ण है। योग प्रशिक्षिका सीमा सिंह ने जन्म-मृत्यु की सरल व्याख्या करते हुए जीवन के महत्व को समझाया, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता मदनपाल काम्बोज ने गीता के श्लोक के माध्यम से आत्मा के स्वरूप पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से जुड़े वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए और समाज को बेहतर बनाने का संदेश दिया।

# कुरुक्षेत्र में गैस की नहीं है कोई दिक्कतः विवेक आर्य

**स्पष्ट किया**

**निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गयाः विवेक आर्य**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 166 जगहों पर रेड की है और 92 सिलेंडर भी जब्त किए है। इस विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। जमाखोरी करने वालो पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 01744-294418 जारी किया गया है। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा नहीं आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें।

## एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सुनी आमजन की समस्याएं, मौके पर ही किया शिकायतों का निवारण



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम ने आमजन की शिकायतें व समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से उनका निपटान करवाया। समाधान शिविर में मुख्यतः शिकायतें परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व बुढ़ापा पेंशन से संबंधित रही। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को वे गंभीरता से सुनें और आमजन को सही जानकारी दें। आमजन को कार्य करवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहते हैं। एसडीएम ने कहा कि यह समाधान शिविर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वे समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते हैं। आमजन अधिक से अधिक इन शिविरों का लाभ उठाएं।

## चीका की विभिन्न मंडियों में 16 लाख 58 हजार 960 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदः एसडीएम



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गुहला क्षेत्र में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि चीका क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में अभी तक 16 लाख 58 हजार 960 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसानों को किसी प्रकार परेशानी न हो, इसके लिए सभी मंडियों में पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेषों में आग न लगाएं, बल्कि इसको मशीनों की सहायता से पशुओं के लिए चारा के लिए उपयोग में लाएं। आग लगाने से जान-माल की हानि होने की संभावना बनी रहती है। एसडीएम ने कहा कि चीका अनाज मंडी में 4 लाख 20 हजार 470 क्विंटल, नई अनाज मंडी चीका में 6 लाख 7 हजार 240 क्विंटल, अंगोध में 74000 क्विंटल, अरनौली में 60950 क्विंटल, बलबेहड़ा में 34460 क्विंटल, बाउपुर में 14400 क्विंटल, भागल में 84420 क्विंटल, भूंसला में 62650 क्विंटल, कमहेड़ी में 14870 क्विंटल, कांगथली में 87240 क्विंटल तथा रामथली में 198260 क्विंटल गेहूं की विभिन्न एजेसियों द्वारा खरीद की गई है। एसडीएम ने कहा कि किसानों को मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## जींदः व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या

**जींद।** न्यू जवाहर नगर में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू जवाहर नगर निवासी 38 वर्षीय अरूण ने रविवार देर रात अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों द्वारा उसे फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल लाया गया।

## 17.39 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के एक मामले की जांच एंटी इमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गढौलिया फतेहगढ़ साहिब पंजाब निवासी कमलजीत सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहला के गांव बोपुर निवासी गुरजीत कौर की शिकायत अनुसार वह जीएनएम नर्सिंग पास है तथा विदेश (ऑस्ट्रेलिया) स्टडी वीजा पर जाने की इच्छुक थी। उसकी एक सहेली के माध्यम से उसका संपर्क मोहाली स्थित बाज इंटरनेशनल नामक इमिग्रेशन कंपनी से हुआ। आरोपी कमलजीत सिंह व प्रियंका शर्मा ने उसे स्टडी बेस पर ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया और इसके लिए करीब 20 लाख रुपए खर्च आने की बात कही।
मई 2024 में शिकायतकर्ता अपने परिजन के साथ मोहाली स्थित कार्यालय गई, जहां आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर उसके शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त कर लिए। इसके बाद आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से अलग-अलग समय पर पैसे मांगने शुरू कर दिए। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के कहने पर विभिन्न तिथियों में कुल 7,39,500 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपी कमलजीत सिंह 20 अप्रैल 2025 को शिकायतकर्ता के घर आया और स्टडी वीजा की कॉपी दिखाकर विश्वास में लेते हुए 10 लाख रुपए नकद ले गया। बाद में आरोपी ने फ्लाइट टिकट भी दिखाई, लेकिन जब शिकायतकर्ता ने दस्तावेजों की जांच करवाई, तो वीजा, टिकट व अन्य कागजात फर्जी पाए गए। जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे जान से मारने, मानव तस्करों को बेचने तथा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। बाद में पंचायत के दबाव में आरोपी ने पैसे लौटाने के लिए दो चेक दिए, लेकिन खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण दोनों चेक बाउंस हो गए।

## विदेश भेजने के नाम पर साढ़े चार लाख की ठगी का आरोप, केस दर्ज

**रादौर,(कुलदीप सैनी) :** विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब साढ़े चार लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने कैथल निवासी कामराज की शिकायत पर इंद्री निवासी आरोपित देवेंद्र सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था, जिसके लिए उसकी मुलाकात देवेंद्र से हुई। आरोपी ने उसे रादौर स्थित अपने कार्यालय बुलाकर 12 लाख रुपये में यूके भेजने का झांसा दिया और उससे कुछ रकम ले ली।

# विदेश से आई एक्सटॉर्शन धमकी पर लगेगा अंकुश



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा बढ़ते साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं, विदेश से आने वाली एक्सटॉर्शन/धमकी भरी कॉल्स व रंगदारी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु 'अभेद्य' मोबाइल ऐप तथा 'डबल ओटीपी/ड्यूल ऑथेंटिकेशन प्रणाली' दो महत्वपूर्ण पहल की गई हैं जिन्हें जिला अंबाला में भी लागू किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंबाला ने बताया कि 'अभेद्य' देश का पहला मोबाइल आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म है जो नागरिकों को संदिग्ध कॉल्स, धमकी भरे संदेशों, स्टॉकिंग और डिजिटल उत्पीड़न से बचाता है। यह ऐप विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय, वर्चुअल और अनसेव्ड नंबरों की निगरानी करता है। विदेश से आने वाली संदिग्ध एक्सटॉर्शन कॉल्स को यूजर तक पहुंचने से पहले ही स्वतः रिजेक्ट कर नंबर को ब्लॉक कर देता है।
अभेद्य ऐप के माध्यम से नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन सुविधा भी शुरू की गई है। किसी भी समस्या या जानकारी हेतु उपयोगकर्ता सीधे लैंडलाइन नंबर 01722-930112 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अधिक सुविधाजनक और त्वरित संचार के लिए 24x7 व्हाट्सऐप सपोर्ट/कालिंग भी उपलब्ध है, जिसका नंबर +91 9056555492 है। यह हेल्पलाइन व्यवस्था नागरिकों को सुरक्षा, मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि जरूरत के समय तुरंत सहायता सुनिश्चित की जा सके। शेखावत ने बताया कि वर्तमान में साइबर ठग पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर, फर्जी अधिकारी बनकर या मानसिक दबाव बनाकर स्वयं उससे ओटीपी साझा करवा लेते हैं। विशेषकर 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस जाल में फंस जाते हैं। यह प्रणाली डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं में एक "सुरक्षा विराम" देती है।

# पंचकूला के मेयर चुनाव में किसमें कितना दम?

**त्रिकोणीय**

**मेयर पद के लिए इस बार मुकाबला बेहद रोचक और त्रिकोणीय नजर आ रहा है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला मैनपाल**
पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा चुका है। मेयर पद के लिए इस बार मुकाबला बेहद रोचक और त्रिकोणीय नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने श्यामलाल बंसल को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी सुधा भारद्वाज पर भरोसा जताया है। इनेलो ने भी मनोज अग्रवाल को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। तीनों दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं और चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। भाजपा विकास कार्यों और सरकार की नीतियों के दम पर जीत का दावा कर रही है, जबकि कांग्रेस बदलाव और जनसमस्याओं को प्रमुख मुद्दा बनाकर जनता के बीच पहुंच रही है। इनेलो भी अपने जनाधार और संगठन के बल पर चुनावी मैदान में पूरी ताकत से उतरी हुई है। अगर पंचकूला शहर की बात करें तो यहां 36 बिरादरी के लोग निवास करते हैं और हर वर्ग का वोट इस चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा। जातीय समीकरण, स्थानीय मुद्दे, पार्टी संगठन और उम्मीदवारों की व्यक्तिगत छवि चुनाव परिणाम पर असर डाल सकती है। यही वजह है कि इस बार मुकाबला किसी एक दल के पक्ष में आसान नहीं दिख रहा।
शहर में हर पार्टी अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटी है। भाजपा अनुभव और संगठन के दम पर, कांग्रेस बदलाव की लहर पर और इनेलो अपने परंपरागत वोट बैंक पर भरोसा जता रही है। चुनावी चचाओं के बीच आम जनता के बीच भी सवाल यही है कि पंचकूला के मेयर चुनाव में आखिर किसमें कितना दम है।
अब फैसला पंचकूला की जनता के हाथ में है। वोटों की ताकत किसे मेयर की कुर्सी तक पहुंचाएगी, यह आने वाला समय बताएगा। फिलहाल शहरवासियों की नजर इस दिलचस्प मुकाबले पर टिकी हुई है कि आखिर पंचकूला का अगला मेयर कौन होगा।

## निष्ठापूर्वक ड्यूटी करके खाकी का मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को गर्वः एसपी



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** सोमवार को एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा चीका शहर में एक मोबाइल की दुकान पर फायरिंग करने के मामले में आरोपियों को काबू करने में सराहनीय कार्य के लिए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस टीम में शामिल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसआई पारस, एएसआई तरशेम कुमार, एएसआई संदीप कुमार, एचसी देवेंद्र, बूटा सिंह, राजीव व अन्य टीम सदस्यों सहित साइबर सैल इंचार्ज एएसआई राकेश को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस टीम द्वारा चीका में एक मोबाइल की दुकान पर फायरिंग करने के मामले में बहादुरी का परिचय देते हुए 2 आरोपियों को मुठभेड़ दौरान काबू करने सहित कुल 6 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करके खाकी का मान-सम्मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को गर्व है, तथा कैथल पुलिस के अन्य जवान इनसे प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालना करें। बहादुरी से निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करने वाले कर्मचारी-अधिकारियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## कमलनाथ का भाजपा पर हमला, कहा- 'महिला आरक्षण पर भ्रम फैला रही सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने महिला आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संसद में महिला आरक्षण के नाम पर 'झूठ फैला रही है' और परिसीमन के जरिए दक्षिण भारत के राज्यों के साथ अन्याय करने की कोशिश कर रही है। कमलनाथ ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा- भारतीय जनता पार्टी संसद में महिला आरक्षण के नाम पर सिर्फ.झूठ फैला रही है और इस बात को छुपाने की कोशिश कर रही है कि वह परिसीमन के माध्यम से दक्षिण भारत के राज्यों के साथ अन्याय करना चाहती थी। जहाँ तक आरक्षण का सवाल है तो वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पहले ही पास हो चुका है और कांग्रेस पार्टी ने इसे अपना समर्थन दिया था। पूर्व सीएम ने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट कहना है कि मौजूदा संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कांग्रेस पार्टी हर स्थिति में समर्थन करती है। अगर भाजपा की नियत



वास्तव में आरक्षण देने की है तो संसद के मौजूदा स्वरूप में ही महिलाओं को आरक्षण देने में क्या दिक्कत है। लेकिन यह करने के बजाय भाजपा आज मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर कथित महिला आरक्षण पर चर्चा करना चाहती है। कमलनाथ ने कहा कि इससे बेहतर होता है कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और विशेष रूप से किसानों की समस्याओं पर विशेष सत्र बुलाती और इन समस्याओं को दूर करने की कोशिश करती। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक अन्य ट्वीट के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित पोषण आहार प्लांट बंद होने का मुद्दा उठाया।उन्होंने कहा कि महिला वंदन का ढोल पीट रही भारतीय जनता पार्टी के राज में मध्य प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित पोषण आहार प्लांट बंद हो गए हैं।

**साधा निशाना**

□ महिला आरक्षण के नाम पर 'झूठ फैला रही है' और परिसीमन के जरिए द. भारत के राज्यों के साथ अन्याय करने की कोशिश कर रही

इन प्लांट के ऊपर 300 करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है और प्राइवेट सप्लायर ने आपूर्ति बंद कर दी है। सरकार की ओर से इस कर्ज.को चुकाया जाना था लेकिन मंजूरी के लिए यह विषय कैबिनेट तक पहुँचा ही नहीं। हालत यह है कि जो महिलाएं अभी तक प्लांट का संचालन करती थीं, अब वह मजदूरी कर अपना पेट पालने को मजबूर हैं। पोषण आहार प्लांट ऐसे प्रदेश में बंद पड़े हैं जहाँ पहले से ही कुपोषण की स्थिति राष्ट्रीय औसत से खराब है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का राजस्थान दौरा, पार्टी के सात कार्यालयों का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर/टोंक।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने पदभार संभालने के बाद सोमवार को राजस्थान के पहले दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टोंक से वर्चुअल माध्यम द्वारा राजस्थान के टोंक, बूंदी, चूरू, पाली, प्रतापगढ़, डूंगरपुर एवं बाड़मेर जिलों में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवनों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जालोर जिला कार्यालय का शिलान्यास भी किया। टोंक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि पार्टी कार्यालय केवल ईंट और बालू से बना ढांचा नहीं होता, बल्कि यह संगठन के संकल्प और विचारों का केंद्र होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजनीति में शॉर्टकट से बचना चाहिए। राजनीति 100 मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि



लंबी दूरी की दौड़ है, जहां धैर्य और निरंतरता की परीक्षा होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को धैर्य, अनुशासन और समर्पण के साथ काम करने की सलाह दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और उनके बलिदान व मेहनत से ही पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। एक समय ऐसा भी था जब भाजपा के केवल दो सांसद थे और पार्टी का मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन कार्यकर्ताओं के समर्पण और संघर्ष से आज पार्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंची है। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थान में संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा

**संगठन**

□ राजनीति शॉर्टकट नहीं, लंबी दौड़ है, संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत : नवीन

कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। राजस्थान आज सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि युवा जॉब सीकर नहीं, जॉब गिवर बनें। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ ताकतें देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, जबकि केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जो दल अपनी ही माताओं और बहनों को सम्मान नहीं दे सके, वही इस ऐतिहासिक कानून का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कांग्रेस ने महिलाओं का हक क्यों छीना और उन्हें राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखने का प्रयास क्यों किया।

राजस्थान प्रभारी राधामोहन अग्रवाल ने सचिन पायलट पर निशाना साधते हुए कहा कि टोंक में हमारे ही विधायक हुआ करते थे। आज एक बहरूपिया टोंक का विधायक बन गया। वो न तो आपके टोंक का निवासी और न ही राजस्थान का है। उन्होंने कहा कि मैं सपने में भी नहीं सोचूंगा कि मैं राजस्थान का विधायक बनूं। मैं यूपी का भगोड़ा नहीं हूं, वहां का मजबूत राजनेता हूं। ये कौन सी प्रथा बना ली कि किसी प्रदेश से कोई आदमी भेज दे तो आप उन्हें माला पहना देते हैं। एक समूह बनाकर उन्होंने आपको पैरों में डाल दिया।

## अधिकारी संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं का कराएं निराकरण : मुख्यमंत्री

**जनता दर्शन**

□ जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी : मुख्यमंत्री योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा। 'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई ? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों को किया दुलार, चॉकलेट भी दी मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा कि चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दिया। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

## कबीरधाम जिले की बेटियों की शिक्षा को मिली नई उड़ान



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कबीरधाम जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आर्थिक सहायता प्रदान कर एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने जरूरतमंद छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग करते हुए ग्राम हरमो निवासी भारती साहू को 2 लाख रुपए तथा ग्राम चिल्फी निवासी रंजना झारिया को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर उक्त राशि के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर नरेन्द्र मानिकपुरी, अमर कुर्रे, ओमकार साहू, लोकचंद साहू, मिलू साहू उपस्थित रहे। इस दौरान रंजना झारिया ने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी, जिसके कारण उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें जानकारी मिली कि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा जरूरतमंदों की मदद करते हैं, तब उन्होंने उनसे संपर्क कर अपनी समस्या बताई। उनकी स्थिति को समझते हुए शर्मा ने 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। रंजना ने बताया कि इस सहायता से वह अब दोबारा नर्सिंग की पढ़ाई शुरू कर सकेंगी और अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

उन्होंने इसके लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मदद उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है।

**प्रेरणादायक**

□ उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आर्थिक सहायता प्रदान कर प्रेरणादायक पहल की

## जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं अखिलेश यादव : ओम प्रकाश राजभर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर मे कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर सोमवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ब्राह्मण बनाम बैकवर्ड की राजनीति कर जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं।

उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सभी पीएम रिपोर्ट को मानते हैं। उन्होंने




अखिलेश यादव से पीएम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज मंगाने की अपील की। राजभर के अनुसार, लड़की का लड़के से प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण अनबन हुई और उसने अकेले गंगा में कूदकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि लड़की की 25 तारीख को शादी थी और वह उसी लड़के से शादी करना चाहती थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई और लड़का जेल में है।

कैबिनेट मंत्री राजभर ने अखिलेश यादव पर चुनिंदा घटनाओं पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "जब बाराबंकी में यादव राजभर की हत्या करता है, तब अखिलेश वहां नहीं जाते। देवरिया में यादव राजकुमार चौहान को गोली मारता है, तब भी वह नहीं जाते। कौशांबी में पाल की बेटी के साथ चार लोग बलात्कार कर उसकी हत्या कर देते हैं, पीएम रिपोर्ट आती है, लेकिन वह वहां भी नहीं जाते।" राजभर ने सवाल किया कि अखिलेश यादव को सिर्फ गाजीपुर ही क्यों दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश को पहले पीएम रिपोर्ट पढ़नी चाहिए, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल चैट की जांच करनी चाहिए, जिससे उन्हें सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी।

**सपा को घेरा**

□ अखिलेश यादव ब्राह्मण बनाम बैकवर्ड की राजनीति कर जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं : राजभर

## किशनगंज में अपराध पर लगाम कसने को एसआईआरटी का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**किशनगंज।** जिले में बढ़ते संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने स्पेशल इंटेलिजेंट रेडिंग टीम (एसआईआरटी) का गठन किया है। यह विशेष टीम खुफिया सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों पर नकेल कसेगी। एसपी संतोष कुमार ने बताया कि एसआईआरटी को खास तौर पर प्रशिक्षित किया गया है, जो जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में गुप्त रूप से निगरानी रखेगी और सूचना मिलते ही छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार करेगी। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित थाने को सौंपा जाएगा, जिससे कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि टीम का मुख्य फोकस अवैध बालू खनन, इंट्री माफिया, मादक पदार्थ तस्करी और लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी पर रहेगा। इसके साथ ही अंतर-जिला एवं अंतरराज्यीय गिरोहों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। एसपी ने बताया कि टीम को आधुनिक तकनीकी सहायता, संचार उपकरण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि कार्रवाई में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## चारधाम यात्रा के लिए एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने का आग्रह

**आपूर्ति**

□ व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 100 प्रतिशत बनाए रखने का अनुरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार नई



दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल से नवंबर तक चलने वाली चारधाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं, जिससे व्यावसायिक एलपीजी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस अवधि में राज्य को करीब 9,67,949 व्यावसायिक सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना आवश्यक है। पुष्कर सिंह धामी ने जून से सितंबर के बीच मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में एलपीजी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने इस अवधि के लिए लगभग 5 प्रतिशत अतिरिक्त (करीब 48,397 सिलेंडर) आवंटन सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्यतः पर्यटन, विशेषकर धार्मिक और साहसिक पर्यटन पर आधारित है।

## बदली तस्वीरः जल संरक्षण ने गांवों को बनाया आत्मनिर्भर

**रोजगार में वृद्धि**

□ मनरेगा के तहत बने चेक डैम से किसानों को सालभर सिंचाई, आय और रोजगार में वृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देते हुए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत निर्मित चेक डैम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को





मजबूती देने के साथ-साथ किसानों के जीवन में स्थायी बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बदौली एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है, जहां चेक डैम निर्माण ने जल संकट से जूझ रहे गांव को जल समृद्ध और आत्मनिर्भर बना दिया है। पहले बदौली गांव के किसान पूरी तरह वर्षा पर निर्भर थे। बारिश की अनिश्चितता के कारण फसल उत्पादन प्रभावित होता था और गर्मी के मौसम में जल संकट के चलते खेती करना मुश्किल हो जाता था। कई किसानों को आजीविका के लिए पलायन करना पड़ता था। लेकिन मनरेगा के तहत चेक डैम निर्माण के बाद अब गांव में जल का प्रभावी संग्रहण होने लगा है। इससे न केवल भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है, बल्कि कुओं और हैंडपंपों में भी सालभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। चेक डैम से सीधे तौर पर 20 से 25 किसानों को सालभर सिंचाई की सुविधा मिल रही है। परिणामस्वरूप किसान अब पारंपरिक फसलों के साथ-साथ सब्जियों एवं नगदी फसलों की खेती भी कर रहे हैं।

## नोएडा के अलग-अलग जगहों पर दो कारों में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस- तीन क्षेत्र के गढी- चौखंडी गांव के पास सोमवार सुबह को दो कारों में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब तक कारें पूरी तरह से जल चुकी थी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि थाना फेस- 3 क्षेत्र के सेक्टर 121 के गढ़ी- चौखंडी गांव के पास अजनारा सोसाइटी के समीप खड़ी एक होंडा इमेज कार में अचानक आग लग गई है। फायर



ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि कार पूरी तरह से जल चुकी है। उन्होंने बताया कार बिजली खंभे के पास खड़ी थी। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बिजली की तार में हुई स्पार्किंग की वजह से चिंगारी गिरी और कार में आग लग गई। उन्होंने बताया कि दमकल पुलिस आग के कारण का पता लग रही है। इस घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। मुख्य दमकल अधिकारी ने बताया कि सोमवार दोपहर को सेक्टर 121 के पास एक ककर रेनॉल्ट ट्राइबल में आग लग गई। उन्होंने